नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 242 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆मूल्य: 3 ₹ ◆पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, सोमवार 11 जुलाई 2022




पेज -3 पर कलेक्टर ने सिटोंगा में बांकी नदी उद्गम स्थल का किया मुआयना



कुर्बानी का त्यौहार ईदुल अजहा बकरीद,खुशनुमा ..... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### मरीन ड्राइव में कूदकर युवती ने की आत्महत्या



**रायपुर ।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित मरीन ड्राइव तालाब में आज सुबह एक युवती ने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका युवती शंकरनगर के गांधीनगर की रहने वाली थी। बताया जाता है कि अभी कुछ दिन पहले ही उसकी प्रेमी की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह सदमे थी। जिसके चलते उसने यह कदम उठाई होगी। बहरहाल पुलिस मामले को जांच में लिया है। वहीं परिजनों से पूछताछ कर रही है।

### 8 पार्षद भाजपा से निष्कासित

**महासमुंद ।** नगर पालिका से भाजपा के निर्वाचित नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में समर्थन किए जाने के आरोप में प्रदेश भाजपा ने 8 भाजपाई पार्षदों को तत्काल प्रभाव से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। निष्कासित पार्षदों में मीना वर्मा, पवन पटेल, महेंद्र जैन, हफीज कुरैशी, माधवी सिक्का, मंगेश टांकसाले, मुन्ना देवार, मनीष शर्मा शामिल है।

## छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारी बरसात का रेड अलर्ट, बीजापुर में गिरा 22 सेंटीमीटर पानी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में बरसात का सिलसिला तेज हो गया है। रविवार को बीजापुर में एक्स्ट्रीमली हैवी बरसात दर्ज हुई। वहां एक ही दिन के भीतर 22 सेंटीमीटर पानी बरसा है। यह इस सीजन की सबसे तेज बरसात है। प्रदेश के 6 जिलों में अब भी भारी से अति भारी बरसात और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को पखांजुर में 11 सेंटीमीटर, लोहंडीगुड़ा में 9 सेंटीमीटर, अंबागढ़ चौकी में 8 सेंटीमीटर, अभनपुर, दुर्ग में 6 सेंटीमीटर और गरियाबंद, दरभा, तोकपाल और अंतागढ़ में 5 सेंटीमीटर बरसात दर्ज हुई है। मैदानी क्षेत्रों में भी बेहद हल्की से हल्की स्तर की बरसात दर्ज है।

मौसम विभाग ने सोमवार को बीजापुर, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली, महासमुंद और गरियाबंद जिलों में भारी से अति भारी



बरसात और आकाशीय बिजली गिरने का रेड अलर्ट जारी किया है। कोण्डागांव, कांकेर, धमतरी में भारी बरसात और वज्रपात का आरेंज अलर्ट है। वहीं सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, बालोद, दुर्ग, रायपुर, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, बलौदा बाजार, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, रायगढ़ और कोरबा में भारी बरसात का येलो अलर्ट जारी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक दक्षिण छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने की संभावना बन रही है। बीजापुर के दक्षिणी छोर पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, एक निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिण ओडिशा, उत्तर आंध्र प्रदेश और पड़ोस के तटीय क्षेत्रों पर स्थित है, जो संबंधित चक्रवाती परिसंचरण के साथ समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। यह ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। मॉनसून की ट्रफ अब बीकानेर, सीकर, शिवपुरी, सतना, झारसुगुडा, दक्षिण ओडिशा, उत्तर आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों और आसपास के इलाकों में निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र से गुजरकर दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसकी वजह से इन छत्तीसगढ़ में भारी बरसात का योग बन रहा है।

अजब कहानी गजब कारनामा

## बिना भू-अर्जन ठेकेदार ने भवन मालिकों को बांटा भवनों का मुआवजा

जोहार छत्तीसगढ़.-धरमजयगढ़।



न्याय की आश में बैठे ग्रामीण, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नहीं आने से हुए हताश

भूमि स्वामी ठेकेदार की शिकायत लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे रायपुर

फॉलोअप

धरमजयगढ़ से कापू मार्ग का उन्नयन किया जा रहा है जिसके जद में नगर के तीन वार्ड सहित 13 गांव आ रहे हैं जहां ठेकेदार की मनमानी से लोग इतने परेशान हैं कि मुख्यमंत्री के यहां जाकर शिकायत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं नित्य नए कारनामे इस ठेकेदार के रोज सामने आ रहे हैं। जहां एक ओर बिना भू-अर्जन किए किसानों की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू किया गया है वहीं इस ठेकेदार ने भू-अर्जन किए बिना सड़क मार्ग के दोनों ओर निर्मित भवनों झोपड़ियों का मनमानी तरिके से स्वयं एनजीओ से मूल्यांकन कराकर बंदरबांट कर दिया गया है। जिसकी शिकायत करने वाले लोगों की लंबी लिस्ट अधिकारियों से प्रकरणों की जांच कर अपने चहेते लोगों को राशि का चेक दे दिया जो लगभग 70 प्रतिशत है, 30 प्रतिशत लोगों ने चेक लेने से इंकार कर दिया है। यह जांच का विषय है कि क्या प्रकरण में एवार्ड हुए बिना भुगतान किया जा सकता है और क्या शासकीय राशि को ठेकेदार को बांटने का हैं।



बनाना ही नहीं था तो क्यों तोड़ दिए पुलिया को



ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की मौन स्वीकृति ठगे महसूस कर रहे आदिवासी किसान

यहां यह बताना लाजिमी है कि ठेकेदार ने बिना राजस्व विभाग के अधिकार है? अब देखना है कि ठेकेदार की मनमानी पर प्रशासन कब लगाम लगाती है और क्या कार्यवाही करती है।

## छत्तीसगढ़ में तेज़ी से बढ़ रहे कोरोना के आंकड़े

दुर्ग,रायपुर और बिलासपुर में मिल रहे अधिक मरीज़

रायपुर । छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या दोबारा बढ़ रही है. पिछले 3 दिन से प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 2 प्रतिशत से ज्यादा ही रह रही है. शनिवार को पॉजिटिविटी दर 2.53 प्रतिशत है. तीन जिले कोरोना के हॉटस्पॉट बने हुए हैं. जो रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग है।



### तीन संक्रमितों की हुई मौत

शुक्रवार को 10187 सैंपल की जांच की गई. जिसमें 23 जिलों में 258 संक्रमित मरीज मिले. टोटल एक्टिव केसों की संख्या 1455 हो गई है. शनिवार को कोरोना से तीन लोगों की मौत हुई है. राहत की बात ये रही कि पांच जिलों में एक भी कोरोना मरीज नहीं मिला. ये जिले बस्तर संभाग के कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर जिले हैं।

छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या 1455 हो गई है. प्रदेश में सबसे ज्यादा एक्टिव मरीज रायपुर में 276 है. इसके अलावा दुर्ग में 265 और बिलासपुर में 134 एक्टिव मरीज है. शनिवार को सबसे ज्यादा 45 संक्रमित मरीज दुर्ग में मिले. इसके अलावा रायपुर में 40, बिलासपुर में 29, बलौदाबाजार में 17, राजनंदगांव में 23, बेमेतरा में 20, रायगढ़ में 11, जांजगीर 10, सरगुजा में 9, कोरिया, बालोद में 7, सूरजपुर और कोरबा में 5, बलरामपुर में 4, कबीरधाम में 3, धमतरी में 6, महासमुंद में 5, गरियाबंद, गौरेला पेंड्री मरवाही, बस्तर में 1-1 मरीज मिला हैं।

छत्तीसगढ़ में सत्ता पलट की साजिश!

## आयकर छापे में फंसे सूर्यकांत से बोले IT अफसर - सीएम सचिवालय की अफसर सौम्या का नाम लो, सीजी का एकनाथ शिंदे बना देंगे

**रायपुर।** हाल ही में प्रदेश के सियासी गलियारों में चर्चित हुए छत्तीसगढ़ के कोयला कारोबारी सूर्यकांत ने हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। सूर्यकांत ने IT रेड के बाद पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की साजिश रची जा रही है, इसके लिए IT विभाग का इस्तेमाल किया गया। सूर्यकांत ने कहा है कि उनके ठिकानों पर 30 जून को आयकर की रेड पड़ी। दावा किया कि कुछ अफसरों ने दबाव बनाया कि वो प्रदेश के 40-45 विधायकों की सूची बनाएं। विपक्ष के विधायकों के सहयोग से प्रदेश की सरकार बदल दी



जाएगी। सूर्यकांत को प्रदेश का नया ष्टरू बना दिया जाएगा। दावा किया कि मुझे छत्तीसगढ़ का एकनाथ शिंदे बनाने के लिए आयकर अफसरों ने साम-दाम दंड भेद अपनाया। अपने बयान में सूर्यकांत ने कहा - मैं आपको बाताता हूं डॉ रमन सिंह इसे क्यों राजनीतिक रंग दे रहे हैं। आयकर विभाग के अफसरों ने छापा मारकर तीन दिनों तक मुझे सोने नहीं दिया मेंटली टॉर्चर किया गया। आयकर अफसरों ने मुझपर दबाव बनाया कि मैं किसी प्रकार से अपने व्यवसाय में मुख्यमंत्री सचिवालय की उप सचिव सौम्या चौरसिया का नाम जोड़ दूं, मैं ऐसा झूठा बयान कैसे देता। सौम्या चौरसिया से मेरे पारिवारिक संबंध हैं, उनके घर के सभी लोग मुझे जानते पहचानते हैं। मुझ से आयकर के अफसरों ने कहा कि मैं अपने व्यवसाय में सौम्या चौरसिया का नाम जोड़ दूं तो वो मुझे छत्तीसगढ़ का एकनाथ शिंदे बना देंगे।

## पति को कनपटी में गोली मारी, पत्नी को दौड़ा कर पकड़ा किया खौफनाक कांड

पुलिस के हाथ अब तक खाली

**अंबिकापुर।** जशपुर जिले के कांसाबेल थानाक्षेत्र में बीती रात अज्ञात हमलावरों ने पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना ग्राम नवाटोली की है। मृतक पेशे से किसान हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात को अज्ञात तीन हमलावर उनके घर पहुंचे और बाहर बुलाकर उन्हें गोली मार दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस को आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

मिली जानकारी के अनुसार कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम नवाटोली निवासी किसान संदीप पन्ना 40 वर्ष एवं उसकी पत्नी



द्रोपदी पन्ना 38 वर्ष बीती रात करीब 11.30 बजे खाना खा रहे थे। तब ही अचानक उनके घर में अज्ञात तीन लोग पहुंचे और महुआ शराब खरीदने के लिए पूछताछ की। आरोपियों ने पति-पत्नी को घर के बाहर आंगन में बुलाया।

संदीप पन्ना के पास पहुंचकर आरोपियों ने पिस्टल से उसके कपनटी में गोली मार दी। संदीप पन्ना मौके पर ही गिर गये और उसकी मौत हो गई। यह देखकर उसकी पत्नी द्रोपदी पन्ना अंदर की ओर भागीं। आरोपियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी कनपटी में भी गोली मार दी। उसकी भी मौके पर मौत हो गई। दोनों की हत्या के बाद आरोपी भाग निकले।

### मौके पर मिले कारतूस के खोखे

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने दंपती का खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

## छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में होगी झमाझम बारिश

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में आज भारी बारिश की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है. प्रदेश के बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और नारायणपुर के लिए जारी रेड अलर्ट में भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।



मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं. प्रदेश के दक्षिण इलाके में स्थित बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और नारायणपुर जिलों में जहां भारी बारिश के आसार हैं, वहीं बालोद, कांकेर,कोंडागांव और गरियाबंद जिले के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं राजनांदगांव और धमतरी जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है. पिछले 24 घंटों की बात करें तो सबसे ज्यादा 12 सेमी बारिश बीजापुर में दर्ज की गई है।

मुलाकात..

छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद में किया गया है अनुमोदन

## आदिवासियों के हितों को संरक्षण प्रदान करना पेसा कानून का मुख्य उद्देश्य : भूपेश बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में अखिल भारतीय गोंड़वाना समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद में पेसा क़ानून प्रस्ताव के अनुमोदन पर उनके प्रति आभार जताया। इस मौके पर अखिल भारतीय गोंड़वाना समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि आदिवासियों के हितों को संरक्षण प्रदान करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। पेसा कानून लागू



होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। ग्राम सभा के 50 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय के होंगे। इस 50 प्रतिशत में से 25 प्रतिशत महिला सदस्य होंगे। गांव के विकास में निर्णय लेने और आपसी विवादों के निपटारे का अधिकार भी होगा। पेसा कानून पहले से था, इसके नियम नहीं बनने के कारण आदिवासियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था। उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासी समुदाय अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ में पिछले 3 वर्षों में आदिवासियों के हित में सबसे ज्यादा निर्णय लिए गए हैं। छत्तीसगढ़ में वनवासियों को तेंदूपत्ता संग्रहण पर पारिश्रमिक देश में सबसे ज्यादा दिया जा रहा है, जिसमें आदिवासी आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं। आदिवासी समुदाय की संस्कृति के संरक्षण के लिए देवगुढ़ियो का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने से आदिवासी समुदाय का मान-सम्मान बढ़ा है।





## स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थ पर फोकस के साथ छत्तीसगढ़ में समावेशी विकास : भूपेश बघेल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रगति के तीन प्रमुख आयामों स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थ पर फोकस के साथ स्वावलंबन तथा समावेशी विकास की ओर अग्रसर है। इन तीनों क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए राज्य शासन द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इनके बेहतर क्रियान्वयन से राज्य के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज दुर्ग में साहू समाज के वार्षिक आम सभा में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में इस आशय के विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और



### साहू समाज संगठित, दानशील और अनुशासित समाज'

शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन अच्छी मिसाल है। साहू समाज संगठित, दानशील और अनुशासित समाज है। पदाधिकारियों के निर्विरोध चुनाव से साहू समाज ने अन्य समाजों को भी एकता, सद्भावना और सहभागिता का संदेश दिया है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में दुर्ग जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नंदलाल साहू, उपाध्यक्ष श्री कृष्ण साहू एवं श्रीमती दिव्या कलिहारी ने शपथ लिया।

# फिर जल उठी लंका: जनता के संदेश को समझने की जरूरत

इस बार ये आग रामभक्त हनुमान की पूंछ ने नहीं लगाई है, क्योंकि अब न तो लंका सोने की रह गई है और न पीतल की। अब लंका को जलाने वाली खुद वहां की बदहाल, परेशान जनता है जो लंबे समय से भूख, गरीबी और भीषण महंगाई के बीच जीने को अभिशप्त हो गई है। महंगाई तो छोड़िए, वहां के सत्ताधारियों ने जनता के लिए कुछ छोड़ा ही नहीं है। तमाम तीसरी दुनिया के देश कर्ज लेते हैं और तकरीबन हर देश अमेरिका, चीन, जापान, रूस जैसे विकसित देशों के कर्जजाल में फंसा हुआ है।

पाकिस्तान हो नेपाल हो, बांग्लादेश हो या फिर श्रीलंका, इन अमीर देशों की नजर में भारतीय उपमहाद्वीप के इन देशों को अपना आर्थिक गुलाम बनाने की प्रक्रिया बदस्तूर जारी रहती है। रिश्ते बेहतर बनाने और मदद के नाम पर यहां के हर सत्ताधारी विकास का हवाला देकर इस चक्रव्यूह में फंसते हैं और इसका खामियाजा उठाती है- वहां की जनता। अगर आपका प्रबंधन ठीक नहीं है तो हालात श्रीलंका जैसे होने में वक्त नहीं लगता। श्रीलंका में विद्रोह की लपटें पिछले तीन चार महीनों से उठने लगी थीं। हालात धीरे धीरे बेकाबू होते जा रहे थे। चीन पर बढ़ती निर्भरता और कर्ज के भयानक जाल में बुरी तरह उलझ चुके इस देश के सत्ताधारियों ने आम जनता की सुध नहीं ली, उनकी रोजमर्रा की तकलीफों के बारे में नहीं सोचा और उन्हें भूखे, प्यासे और अंधेरे में रहने को



श्रीलंका में विद्रोह की लपटें पिछले तीन चार महीनों से उठने लगी थीं। हालात धीरे धीरे बेकाबू होते जा रहे थे। चीन पर बढ़ती निर्भरता और कर्ज के भयानक जाल में बुरी तरह उलझ चुके इस देश के सत्ताधारियों ने आम जनता की सुध नहीं ली, उनकी रोजमर्रा की तकलीफों के बारे में नहीं सोचा और उन्हें भूखे, प्यासे और अंधेरे में रहने को मजबूर कर दिया।

मजबूर कर दिया। जाहिर है विद्रोह होना ही था। इसकी भूमिका महीनों से बन रही थी। शनिवार को इसकी पराकाष्ठा थी और आगे भी तबतक रहेगी जबतक कोई कारगर सरकार नहीं बन जाती। राष्ट्रीय सरकार बनाने के लिए रास्ते खोले गए हैं लेकिन इससे भी स्थितियां कितनी सुधरेंगी कहा नहीं जा सकता। फिलहाल तो लोगों का जो गुस्सा है वो देश से भागे मौजूदा राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के खिलाफ है। उन्हें लगता है कि हमारे पैसों पर ये नेता एय्याशी कर रहे हैं और हम भूखे मरने को मजबूर हैं। इसी गुस्से का इजहार राष्ट्रपति निवास में घुसे हजारों लोगों की भीड़ ने किया.. बेडरूम से लेकर, स्वीमिंग पूल तक और पूरे परिसर में इनका कब्जा यूं ही नहीं हो गया। पीएम आवास को यूं ही नहीं जला दिया गया। अप्रैल में भी ऐसे हिंसक प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रपति निवास के सामने आगजनी हुई थी। राजपक्षे ने डर कर अपना निवास छोड़ दिया था और कोलंबो फोर्ट में रहने लगे थे। इस बार तो वो देश से ही भाग गए।

श्रीलंका में विद्रोह की ऐसी तस्वीरें पहले किसी ने नहीं देखी होंगी। शायद किसी देश में ऐसा नहीं हुआ कि राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री निवास पर सीधे तौर पर कब्जा करने और आग लगाने की ऐसी कोशिश हुई हो।

नेपाल में राजशाही के खात्मे के वक्त वहां के राजमहल पर कब्जा हुआ था और तत्कालीन राजा को भागना पड़ा था, लेकिन वहां भी ऐसा भयानक मंजर नहीं आया था। सत्ता के शीर्ष पर बैठे हुक्मरानों पर हमले भी कई दफा हुए, हत्याएं हुईं, लेकिन जनता का ऐसा सैलाब कभी नहीं उमड़ा। दुनिया के तमाम देश इस वक्त भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं, खासकर तीसरी दुनिया के देशों में हालात हमेशा से खराब रहे हैं। आंदोलन तो तमाम चलते ही रहे हैं, सत्ता पलटने की कोशिशें भी हुई हैं, लेकिन करीब सवा दो करोड़ की आबादी वाले श्रीलंका में पिछले तीन महीनों से जो हालात बन रहे थे, शनिवार को उसकी परिणति कुछ इस तरह हुई कि दुनिया देखती रह गई।

देश में बेहद गहरे होते आर्थिक संकट की वजह से श्रीलंका में 'गोटा गो होम' (गोतबया वापस जाओ) आंदोलन की जिस तरह तीन महीने पहले शुरुआत हुई, तब से ये लगातार पूरे देश में फैलता गया और इसका विस्तार इस कदर हुआ कि आम जनता ने सत्ताधारियों को पूरी आक्रामकता के साथ ये संदेश दे दिया कि जनता भूखी रहे, महंगाई में पिसती रहे, ऐसे में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ऐशो आराम के साथ सरकार में नहीं बैठे रह सकते। जनता ने ही उन्हें सत्ता पर बैठाया है तो उस 'ऐशो आराम' की हकदार जनता भी है। शनिवार को ये आंदोलन और इतने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन तो पहले से तय था, लेकिन उसका यह रूप होगा, यह नहीं सोचा गया था।

अतुल सिन्हा

## संपादकीय

### वैकल्पिक व्यवस्था कहां है?

भारतीय जनता पार्टी लंबे समय तक यथास्थितिवादी पार्टी मानी थी लेकिन अब वह वैचारिक स्तर पर अपने यथास्थितिवाद के बावजूद एक डिसरप्टिव फोर्स के तौर पर उभर रही है। वह राजनीति के मौजूदा ढांचे को बदल रही है। भारत में जिस राजनीतिक ढर्रे को सहज रूप से स्वीकार किया गया था उसे वह बदल रही है या बदलने का प्रयास कर रही है। दशकों से जो पार्टियां लोगों के दिल-दिमाग में बैठी हैं उनको खत्म कर रही है और उनकी जगह नई व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही है। पर इसके बड़े खतरे हैं। यह शेर की सवारी की तरह है। अगर गिरे तो खतरा है कि शेर खा जाएगा। ऐसा नहीं है कि देश में जो स्वीकार्य राजनीतिक ढांचा है वह बहुत अच्छा है इसलिए उसमें बदलाव नहीं होना चाहिए। उसमें कई चीजें खराब हैं लेकिन उन्हें बदलने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था बनानी होगी। भाजपा ने भाषा का विवाद शुरू किया लेकिन यह बिना किसी तैयारी के किया गया। एक तो आर्थिक कारणों से, जीएसटी की वजह से, 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों की वजह से और कई अन्य कारणों से दक्षिण भारत के देश अपने को अलग-थलग महसूस कर रहे थे। वे अपना एक संघ बना रहे थे और उनके वित्त मंत्रियों की बैठकें हो रही थीं। ऐसे में भाषा का विवाद शुरू हो गया। अगर इस मामले में बहुत सोच-समझ कर कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में भारत की एकत और अखंडता के लिए बड़ी चुनौती पैदा होगी। इसी तरह हिंदू-मुस्लिम की जो ऐतिहासिक ग्रंथि है वह एक न एक दिन फूटने वाली थी और तब देश में आंतरिक संघर्ष होता लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा हिंदू वोटों की राजनीति में उस प्रक्रिया को फास्ट फॉरवर्ड कर रही है।

## पानी के लिए समर्पित एक शिक्षक, पर्यावरण वाले मास्साहब के नाम से प्रसिद्ध

पर्यावरण वाले मास्साहब के नाम से प्रसिद्ध रसायन विज्ञान के प्रवक्ता मोहन चंद्र कांडपाल 33 वर्षों से पानी बोओ, पानी उगाओ! के काम में समर्पित हैं। इनका जन्म अल्मोड़ा जिले के कांडे गांव में हुआ। इनके पिता कानपुर के पंजाब नेशनल बैंक में काम करते थे, जिसके कारण उन्होंने एमएससी तक की पढ़ाई भी कानपुर से ही पूरी की। बचपन में ही वह स्वामी विवेकानंद और रामकृष्ण मिशन के विचारों के अनुयायी बन गए थे।

वर्ष 1984 की बात है। इंटर की परीक्षा देकर छुट्टियों के समय वह अपने गांव आए, तो उस समय वहां नशा नहीं, रोजगार दो, आंदोलन चल रहा था। वह इससे प्रभावित होकर आंदोलन में कूद पड़े थे। पिता के आग्रह पर पढ़ाई तो पूरी करनी थी। वर्ष 1990 में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद रसायन विज्ञान के प्रवक्ता के रूप में उन्हें आदर्श इंटर कॉलेज, सुरई खेत में नियुक्ति मिल गई थी, जहां से उन्हें अपने गांव के नजदीक रहकर सेवा करने का मौका मिल गया। विज्ञान के शिक्षक के रूप में उन्होंने अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को मेहनत पूर्वक पढ़ाया और उसके अच्छे परिणाम भी दिखे। लेकिन वह इतने तक ही सीमित नहीं रहे। अपने स्कूल के 40 विद्यार्थियों की टीम बनाकर वह छुट्टी के समय आसपास के गांवों में तालाबों की सफाई, वृक्षारोपण जैसे कार्य करने लगे। गांवों में जाने से छात्रों को विज्ञान की



प्रयोगात्मक जानकारी भी हासिल हुई। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व विकास के उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 1993 में पर्यावरण शिक्षण व ग्रामोत्थान संस्था का गठन किया। इस संगठन को प्रारंभ में उत्तराखंड सेवा निधि का साथ मिला। प्रारंभ में जलस्रोतों के संरक्षण व जल के समान वितरण का काम उन्होंने अपने गांव से ही प्रारंभ किया। 90 के दशक में उनके गांव में तीन जलस्रोत थे, जहां पानी भरने के लिए महिलाओं की लंबी कतार लग जाती थी। अपनी बारी के इंतजार में खड़ी आखिरी महिलाओं को अक्सर बिना पानी लिए ही घर लौटना पड़ता था। यह बुरी स्थिति देखकर शिक्षक मोहन चंद्र ने गांव में स्कूल के विद्यार्थियों के माता-पिता की बैठक बुलाकर प्रत्येक परिवार को बराबर पानी उपलब्ध कराने के लिए जल वितरण के नियम बनवाए, जिससे सबको पानी मिलने लगा। लेकिन जलस्रोत का पानी भी कम होने लगा था। उसे रिचार्ज करने के लिए वर्षा जल एकत्रीकरण हेतु उन्होंने छोटे-छोटे तालाब, जिसे स्थानीय स्तर पर खाव कहते हैं, बनवाए। यहां चारों ओर की नंगी धरती को ढकने के लिए एक हजार से अधिक चौड़ी पत्ती के पौधे रोपकर जंगल तैयार किया गया, जहां से गांववालों को निरंतर पानी की आपूर्ति हो रही है। इसका प्रबंधन गांव के ही लोग करते हैं।

शिक्षक के प्रयास की यह मुहिम अब द्वाराहाट एवं भिकियासैण ब्लॉक के 82 गांवों तक फैल चुकी है, जहां महिला संगठनों ने अपने गांवों में 8,000 से अधिक तालाब बना दिए हैं। उनमें वर्षा का पानी जमा रहता है, जिसके कारण गांव के जलस्रोत जिंदा हो गए और जंगल में चारा-पत्ती भी उग आई है। ललित पांडे, कुमाऊं विश्वविद्यालय के पहले कुलपति डीडी पंत, प्रसिद्ध भूगर्भशास्त्री खड्ग सिंह वल्दिया और आरडी खुल्वे जैसी विभूतियों को अपना मार्गदर्शक मानते हैं। उन्होंने पहली बार अपने कॉलेज के पास वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें उनके ये प्रेरणा पुरुष उपस्थित थे। उस आयोजन में शामिल हुए अतिथियों ने कहा था कि यदि वृक्षारोपण को सफल बनाना है, तो इनकी जड़ों को सींचने के लिए वर्षा जल एकत्रित करना होगा और पेड़ों को बचाने के लिए गांव की महिलाओं को आगे लाना होगा।

मोहन चंद्र जी को एहसास हुआ कि उनके वृक्षारोपण कार्यक्रम में न तो महिलाएं थीं और न ही वृक्षारोपण स्थल पर पानी की कोई व्यवस्था थी। उसके बाद उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में जल संरक्षण को प्राथमिकता देना प्रारंभ किया। साथ ही, अपने छात्रों को साथ लेकर वह गांव- गांव में महिला संगठन का गठन करने लगे। इसका अच्छा परिणाम यह हुआ कि छात्रों को समाज के साथ जुड़ने की नई सीख मिली।

सुरेश भाई

## मिला जुला

कलेक्टर ने बांकी नदी पुनरोद्धार कार्य का किया अवलोकन

# बांकी नदी सरंक्षण समिति की बैठक लेकर आगे की कार्ययोजना हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

गम्हरिया स्थित स्टॉप डेम का भी निरीक्षण कर जल भराव का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज बांकी नदी तट पहुंचकर जिला प्रशासन एवं जन सहयोग से हुए बांकी नदी पुनरोद्धार कार्य का अवलोकन करते हुए बांकी नदी सरंक्षण समिति की बैठक ली। इस अवसर पर जनपद सीईओ प्रेम सिंह मरकाम, समाजसेवी समर्थ जैन, आनंद गुप्ता,रामप्रकाश पाण्डेय सहित बांकी नदी संरक्षण समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा जल सरक्षण हेतु नदी नालों का सरंक्षण आवश्यक है। इस हेतु सिटोंगा से नीमगांव तक के दायरे में बांकीनदी के गहरीकरण के साथ नदी के दोनों किनारों में हुए अतिक्रमण को हटाने की बात कही। जिससे नदी को पुन: उसके



**जल सरंक्षण के सम्बंध में लोगों में जनजागरूकता लाने के दिए निर्देश**

पुराने अस्तित्व में लाया जा सके। इस हेतु नदी किनारे का सीमांकन पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने नदी किनारे की जाने वाली वृक्षारोपण की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने हेतु आवश्यक तैयारी रखने की बात कही। इस हेतु गड्ढे की तैयारी, पौधों की उपलब्धता, ट्री गार्ड सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह जिले में वाटर रिचार्ज के सम्बंध में ट्रेनिंग देने बाहर से विशेषज्ञों की टीम आएगी जिनके द्वारा जिले के गम्हरिया, सिटोंगा,नीमगांव सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कर जल आवर्धन एवं भू-जल स्तर में वृद्धि के सबंध में प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस हेतु तकनीकी कार्ययोजना तैयार करने की बात कही। साथ ही जल सरंक्षण के सम्बंध में लोगों में जनजागरूकता लाने के लिए भी विशेष प्रयास करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिले के अन्य विकासखण्डों में भी नदी नालों के सरंक्षण का कार्य करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी पंचायतो में मनरेगा के माध्यम से स्टॉप डेम सहित अन्य जल संवर्धन संरचनाओं का निर्माण करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने गम्हरिया में निर्मित स्टॉप डेम का अवलोकन करते हुए जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्टॉप डेम की नियमित रूप से साफ-सफाई एवं गाद निकासी कराने के निर्देश दिए।



# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की मंडल कार्यकारिणी की बैठक खड़गवा में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जनार्दन साहू, भाजपा मंडल भाजयुमो अध्यक्ष रामप्रताप, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र राजवाड़े, भाजयुमो जिला महामंत्री शारदा गुप्ता, सुशील सिंह, मंडल महामंत्री रामलाल साहू, रमेश जायसवाल, अरुणोदय पांडे, सत्येंद्र साहू, विनोद सिंह, ओम शुक्ला सहित मंडल पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने युवा मोर्चा के लिए मैदानी स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने युवा शक्ति को समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। बताते हुए आह्वान किया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने राज्य का शोषण किया है समाज के बीच जाकर बड़े परिवर्तन के लिए तैयारी करें। समाज की ताकत आप है और बेहतर व्यवस्था के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किए गए हैं। उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर संगठन कार्य करते हुए आगे बढ़ने को कहा। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी सत्येंद्र राजवाड़े ने मंडल के अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षा की तथा सभी पदाधिकारियों से उनके द्वारा निभाए गए दायित्वों की जानकारी ली भूतों में युवा मोर्चा की टीम बनाने का अभियान और तेज करने की कार्य योजना पर बात हुई साथ ही आगामी 9 अगस्त को रायपुर तुम्हें मुख्यमंत्री निवास का घेराव पर रणनीति बनाते हुए चर्चा की गई। जिला मंडल महामंत्री शारदा गुप्ता सुशील सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया शक्ति केंद्रीय स्तर पर बैठकों की रणनीति बनाई गई इसके बाद मंडल कार्यसमिति का समापन किया गया।

# 16 जुलाई को पत्थलगांव व 30 जुलाई को जशपुर में नि:शुल्क मिलेगी सुपर स्पेशलिटी ओपीडी सेवाएं

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा में द्वितीय एवं चतुर्थ रविवार को मिलेगी नि:शुल्क चिकित्सा सेवा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण एवं सुचारू संचालन के लिये डीएमएफ मद से जिला चिकित्सालय जशपुर एवं सिविल अस्पताल पत्थलगांव में जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ के विशेषज्ञों के द्वारा नि:शुल्क सुपर स्पेशलिटी ओपीडी सेवायें प्रदान की जा रही है। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सिविल अस्पताल पत्थलगांव में 16 जुलाई 2022 को डॉ. एसके पाढी न्यूरो एण्ड स्पाईन, डॉ. अभिषेक त्रिपाठी आर्थोपेडिक, डॉ मनीष जाजोडिया जनरल सर्जरी विशेषज्ञ अपनी सेवायें देंगे। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय जशपुर में 30 जुलाई 2022 को डॉ. मनदीप सिंह टुटेजा पल्मोलॉजी, डॉ. विज्ञान मिश्रा पैथॉलाजी, डॉ. प्रशांत नायक ईएनटी विशेषज्ञ सेवायें देंगे। साथ ही जीवन ज्योति चिकित्सालय अंबिकापुर के विशेषज्ञों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा में द्वितीय रविवार को डॉ. अमित पोठारे न्यूरोसर्जन एवं चतुर्थ रविवार को डॉ. स्नेहा सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. इम्तियाज अली अहमद नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा सेवायें प्रदान की जाएगी। उपरोक्त विशेषज्ञों की सेवायें उक्त तिथियों को नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। उन्होंने जिले के नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की है।

कन्हैयालाल हत्याकांड- एनआईए ने खंगाले मुख्य आरोपियों के मोबाइल

# पाकिस्तान के 18 लोगों से होती थी बातचीत

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में बीते 28 जून को टेलर कन्हैयालाल की जघन्य हत्या के सिलसिले में एनआईए पूरी तह तक जाने की कोशिश कर रही है। पिछले दो दिनों में उदयपुर में एनआईए टीम ने मुख्य आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी व गौस मोहम्मद की तलाशी लेकर वहां से कुछ सिम बरामद किए। इनकी जांच में यह बात सामने आई है कि दावत-ए-इस्लामी से जुड़े लोगों से आरोपी लगातार बात करते थे। इनमें 18 नंबर पाकिस्तान के भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों का संपर्क देश में करीब



300 लोगों से था। ये लोग राजस्थान, बंगाल, मध्यप्रदेश, बिहार, गुजरात व केरल से हैं। एनआईए इस बात की जांच कर रही है कि क्या इनसे जुड़े लोग भी कट्टरवादी सोच के हैं और क्या वे लोगों का ब्रेनवॉश कर रहे हैं? एनआईए ने अभी कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

### अजमेर के खादिम से भी हुई थी आरोपियों की बातचीत

उधर, अजमेर के खादिम गौहर चिश्ती और दोनों मुख्य आरोपियों के बीच बातचीत किया जाना सामने आया है। गौहर ने अजमेर में प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ भाषण दिया था। तब से वो भी फरार है। गौहर चिश्ती के 17 जून को उदयपुर में रहने की खबरें सामने आई हैं। एटीएस व एनआईए जरूर इस बात की पुष्टि करेगी, लेकिन इस मामले को लेकर भी एनआईए ने कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। हैदराबाद से एक शख्स की गिरफ्तारी की बात का एनआईए खंडन कर चुकी है। एनआईए ने हैदराबाद में इस्लामिक सेंटर चलाने वाले बिहार के निवासी एक शख्स को नोटिस देकर 14 जुलाई को जयपुर में एनआईए के समक्ष पेश होने को कहा है।

# घरघोड़ा टीआई प्रवीण मिंज की जुआड़ियों पर गीरी गाज

## जुआ, सट्टा शराबियों पर आगे भी ताबड़तोड़ कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर में नक्सलियों से लोहा लेने व अपने कुशल नेतृत्व से अपनी बटालियन के साथ नक्सलियों का किला ध्वस्त करने में सफ लता अर्जित करने वाले तेजतर्रार अधिकारी की प्रवीण मिंज का जब ऑफआउट टर्न प्रमोशन सब स्पेक्टर से स्पेक्टर पदोन्नति होने के बाद प्रथम पोस्टिंग रायगढ़ जिला रहा जहां प्रवीण को थाना प्रभारी बनाकर छाल लैलूंगा थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया था। अपने कुशल नेतृत्व के दम पर दोनों ही थानों में अपने कार्यों का छाप छोड़ी इनके कार्य से खुश होकर पुलिस अधीक्षक द्वारा संवेदनशील व बड़े थाना घरघोड़ा पदस्थ किया गया है। जहां पदभार ग्रहण करते ही शराबियों जुआड़ियों वह चोर बदमाशों पर कार्रवाई करना आरंभ कर दी, अपने शैली के अनुरूप सभी आदततन बदमाशों की क्लास लेते हुए सुधर जाने की शक्त हिदायत दिये थे। अपने कुशल नेतृत्व के घरघोड़ा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मिंज के नेतृत्व में 09 जुलाई 22 को घरघोड़ा स्टाफ द्वारा चिमटापानी . फुटहामुड़ा जंगल में 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने की सूचना पर सुनियोजित तरीके से जुआ रेड कार्यवाही किया गया। जहां 9 जुआरियों को मौके पर ताल पतरी बिछाकर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते पकड़ा गया । थाना प्रभारी घरघोड़ा को सूचना मिली थी कि झरियापाली का शकरुद्दीन खान व उसके साथी जंगल में जुआ खेलने जाते हैं जिस पर कार्यवाही के लिए पिछले 7 दिनों से थाना प्रभारी घरघोड़ा स्टॉफ व मुखबीर लगाकर रखे थे। आज शाम मुखबिर द्वारा जुआरियों के जंगल अंदर जुआ फड में बैठे होने की सूचना दिया। तत्काल थाना प्रभारी घरघोड़ा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कर उनके मार्गदर्शन पर जुआ रेड कार्यवाही किया गया। जहां 9 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा गया जिनके पास एवं जुआ फड से 2,60,000 नगद, 11 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल तथा जुआ फड के सामने खड़ी 4 मोटरसाइकिल तथा 3 नग ताल पतरी, 52 पत्ती ताश की जब्ती कर थाना लाया गया। थाना घरघोड़ा में जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एएसपी लखन पटले तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज, उप निरीक्षक,डमोन खेस, सहायक उप निरीक्षक विलफ्रेड मसीह, प्रधान आरक्षक डोल नारायण साव, आरक्षक उद्दव पटेल, दिलीप साहू, पुरूषोत्तम सिदार, प्रहलाद भगत, खगेश्वर नेताम, नंद कुमार पैंकरा शामिल थे।



जुआरियों से 2,60,000 नगद, 11 मोबाइल, 4 मोटरसाइकिल की जब्ती

# कलेक्टर ने सिटोंगा में बांकी नदी उद्गम स्थल का किया मुआयना

## ग्रामीणों से श्रमदान कर समय-समय पर नदी की साफ़-सफाई करने एवं आस पास गंदगी फैलने से रोकने का किया आग्रह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





**ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुना एवं निराकरण हेतु दिए निर्देश**

कलेक्टर ने आज जनपद जशपुर के सिटोंगा में स्थित बांकी नदी के उद्गम स्थल का मुआयना किया। उन्होंने ग्रामीणों को नदी के उद्गम स्थल का समय समय पर श्रमदान के माध्यम से साफ-सफ ाई करने एवं नदी के आस पास गंदगी फैलने से रोकने की समझाईश दी। साथ ही नदी किनारे के अतिक्रमण को भी हटाने की बात कही। जिससे नदी के पानी के बहाव में वृद्धि हो एवं नदी अपने पुराने स्वरूप में आ सके। इस अवसर पर जनपद सीईओ प्रेम सिंह मरकाम, तहसीलदार विकास जिंदल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने सिटोंगा के ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना, वन अधिकार पट्टा, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य फ्लैगशीप योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने गांव में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं स्कूल, आंगनबाड़ी के संचालन के सम्बंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्थानीय अधिकारियों को गंभीरता से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

# रथयात्रा मेला के दौरान आम आदमी को चाकू निकालकर डरा धमका रहे युवक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



पुलिस अधीक्षक महासमुंद विवेक शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंबुलकर साहू एवं एसडीओपी सरायपाली विकास पाटले के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद के अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के मुहिम के तारतम्य में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को जिले में होने वाले अपराधो पर अंकुश लगाने एवं त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था इसी क्रम में थाना सरायपाली में 09 जुलाई 2022 को सूचना मिला की रथयात्रा मेला में आने जाने वाले लोगों को महलपारा चौक सरायपाली के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में नुकिला धारदार चाकू लेकर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है जिससे रथ यात्रा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है तथा आने जाने वाले आम लोगों में डर और भय का वातावरण निर्मित हो गया है कि सूचना मिलने पर घटनास्थल गए जहां एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को डराते धमकाते चाकू लहराते रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपी को पकड़कर नाम पता पूछे जिसने अपना नाम शिखर उर्फ प्रिंस उपाध्याय पिता धर्मेंद्र उपाध्याय उम्र 19 वर्ष साकिन महलपारा थाना सरायपाली का रहना बताया जिसके कब्जे से, बिना बटन वाले धारदार चाकू तथा, एक बटन वाला स्प्रिंग दार धारदार चाकू बरामद किए। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत पाया जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया मामला अजमानती होने पर ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया जाता है। आरोपी का कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक, सउनि तिलक सिंह ठाकुर,आर.योगेंद्र दुबे,कमल जांगड़े,योगेंद्र बंजारे,मानवेन्द्र ढीढी व थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## पांच एकड़ भूमि में लेमन ग्रास की होगी खेती, किसानों की जिंदगी में बिखेरेगी खुशियां

**कोरबा** । पारंपरिक धान की खेती की जगह दीगर फसलों की ओर रूझान बढ़ाने राज्य सरकार ने एक और प्रयास शुरू किया है। इस बार जिला उद्यानिकी विभाग ने सुतर्रा के गोठान के पांच एकड़ भूमि में लेमन ग्रास की खेती की है। इसका उद्देश्य किसानों को इस फसल की ओर प्रेरित करना है। धान के मुकाबले कम पानी व लागत में लेमन ग्रास की खेती की जा सकती है। प्रति एकड़ धान के बदले 15 से 20 हजार अधिक मुनाफा भी होगा।

जिले में मानसून आश्रित खेती होती है। इसमें ज्यादातर किसान धान की फसल लेते हैं। वर्षा समय पर होने पर फसल का लाभ मिल जाता है अन्यथा सूखे की भेंट चढ़ जाती है। धान के बदले ऐसी कई फसलें हैं जिन्हे कम पानी में तैयार किया जा सकता है। किसानों को इसके उत्पादन के बारे में जानकारी नहीं होने की वजह वे लाभ नहीं ले पाते। इसी समस्या को निराकरण करने के लिए उद्यानिकी विभाग की ओर से प्रदर्शन खेती कराई जाती है। इसी कड़ी में इस बार सुतर्रा गोठान जिला उद्यानिकी ने महिला समूह के सहयोग से पांच एकड़ भूमि में लेमन ग्रास की निश्शुल्क रोपाई की गई है। उद्यानिकी विभाग ने घास को धमतरी से मंगाया गया है। पांच एकड़ की खेती में एक लाख 12 हजार खर्च आया है। घास की विशेषता यह है कि एक बार लगाने के बाद यह पांच साल के लिए फिर रोपाई नहीं करनी पड़ती। घास की कटाई कर इसे सुखाया जाता है।

# नकली पुलिस पकड़े असली पुलिस ने

## नीली बत्ती और पुलिस की नेमप्लेट लगी वाहन में बैठकर कर रहे थे अवैध वसूली

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



खुद को पुलिस बताकर चालान काटकर रुपए वसूली करने वाले 3 युवकों को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक में 2 यूपी व एक राजनांदगांव का रहने वाला है। आरोपियों से पुलिस ने एक नग एके 47 रायफ ल का जिंदा कारतूस, पुलिस की नेमप्लेट व नीली बत्ती सायरन लगे वाहन को जब्त की है। थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि नकली पुलिस बनकर वसूली करने वाले ग्राम सरायगनई थाना कंधई हनुमानगंज जिला प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश हाल मकाम दबे कालोनी मोवा रायपुर निवासी रविंद्र प्रताप सिंह 32, ग्राम टिकैतनपट्टी पोस्ट सराय आनादेव थाना जठवारा जिला प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश हाल दुबे कालोनी मोवा रायपुर निवासी वीरजीत देवांगन 36, व ग्राम सुकुल दैहान थाना लालबाग जिला राजनांदगांव निवासी शत्रुघन देवांगन 22, को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त लोग कार क्रमांक सीजी 08 एके 7065 में नीली बत्ती व पुलिस की नेमप्लेट लगाकर चालकों से चालान काटकर रुपए की वसूली कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार को ग्राम जंगलबेड़ा निवासी लिंगराज निराला 28, अपनी बाइक में दोस्तों के साथ ड्यूटी के लिए सिंघोड़ा से सरायपाली के लिए निकला था। एनएच ग्राम चट्टीगिरोला व भोथलडीह के बीच एक गाड़ी में पुलिस की नेमप्लेट एवं नीली बत्ती सायरन लगाकर खद को पुलिस बताकर तीन व्यक्ति राहगीरों को रोककर चालान के नाम पर पैसा लेने की सूचना दी। सूचना पर, करवाई करते हुए टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए तीनों युवकों को पकड़ा। इस करवाई में उप निरीक्षक विनोद नेताम, उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर आदि थे।

## एक नजर

### मोंगरापाली में 52 छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मोगरा पाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्राओं को क्षेत्रीय विधायक और संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव द्वारा सरस्वती साइकिल योजना के तहत 52 छात्राओं को मुफ्त साइकिल का वितरण किया गया। साइकल पागल छात्राएं काफी हर्षित नजर आई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर, डुमरवतिन ठाकुर, सरपंच केसर लता सिन्हा बालक छात्रावास के अध्यक्ष अरुण दीवान, एसएमसी मोगरापाली हेमलाल दीवान संतराम साहू,संतोष पटेल राजीव चंद्राकर एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### तीन पहिया वाहन में ग्रामीण कर रहे मौत का सफर

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



जिले में तीन पहिया वाहनों द्वारा क्षमता से अधिक सवारी बैठाया जा रहा है। यातायात नियमों का खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों में तीन पहिया वाहनों में लोगों को वाहन से लटका कर ग्रामीणों को मौत का सफर करने में मजबूर किया जा रहा है।

### फुनगी पानी भरे खेत में औंधे मुंह पड़ा मिला एक व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।



उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फु नगी में सबेर सिंह के खेत में गांव के ही धनेश्वर पैकरा उम्र 35 वर्ष का शव पानी भरे खेत में औंधे मुंह पड़ा मिला। घटना कि सूचना उदयपुर पुलिस को मिलने पर थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची तथा शव को खेत से उठवा कर पंचनामा कार्यवाही के पश्चात उदयपुर हॉस्पिटल के मरचुरी में रखवा दिया गया है। मौत के मामले में थाना प्रभारी धीरेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि ग्राम फु नगी में एक किसान के खेत मे मृतक धनेश्वर पैकरा का शव मिला है। मौत किन कारणों से हुई है इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद चलेगा।

### चोरी के 5 नग स्कुटी व 1 नग मोटर सायकल सहित आरोपित गिरफ्तार

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा जिला में सभी किस्म के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में कोरबा जिला में लगातार अवैध गतिविधियों पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 09 जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू व थाना प्रभारी कोतवाली राजीव वास्तव के मार्गदर्शन में मानिकपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चोरी का स्कुटी को बेचने के फिराक में मुड़ापार शराब दुकान के पास घुम रहे हैं कि पर उनि लालन पटेल एवं मताहत स्टाफ के रेड कार्यवाही किया जो आरोपीयान शेख असलम व अनुप यादव चोरी के स्कुटी के साथ मिला उक्त दोनो आरोपी को पुलिस हिकमत अमली से पूछताछ करने पर 05 नग स्कुटी और 01 नग मोटर सायकल कुल कीमती 5,00,000 रूपये को पृथक-पृथक मेमोरेण्डम अनुसार जप्त किया गया है।

# पुरुष नसबंदी सरल, सुरक्षित और महिला नसबंदी से बेहद आसान विधि है

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।




**आज से 27 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित होगा**

हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य, दुनियाभर में बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों को जागरुक करना है। जनसंख्या दिवस मनाते हुए इस दिन लोगों को परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, मानवाधिकार और मातृत्व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी जाती है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले में आज से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन 27 जून से 10 जुलाई तक किया जा चुका है। दूसरे चरण में आज से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दो चरणों में मनाए जाने वाला विश्व जनसंख्या दिवस इस बार 8 बिलियन की दुनिया सभी के लिए एक लचीले भविष्य की ओर.अवसरों का दोहन और सभी के लिए अधिकार और विकल्प सुनिश्चित करना की थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस बार विश्व जनसंख्या दिवस कोविड-19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए मनाया जाएगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ आरके चतुर्वेदी ने बताया परिवार नियोजन साधनों के प्रचार-प्रसार पर स्वास्थ्य विभाग का पूरा फोकस है। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के साथ ही जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का प्रारंभ किया जा रहा है। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को सीमित परिवार के के प्रति जागरूक करना है। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन की जानकारी देना, परिवार नियोजन के स्थाई-अस्थाई साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। पखवाड़े में ब्लॉक स्तर के सभी सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन संबंधी गर्भ निरोधक सामग्री अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। जिससे अधिक से अधिक लोगों तक परिवार नियोजन के साधनों की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनसंख्या नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि आज लोग परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं। बस्तर जिले में परिवार नियोजन के तरीकों के इस्तेमाल में बीते पांच वर्षों में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। वर्तमान में गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग करने वालों का प्रतिशत 45.2 से बढ़कर 54.2 हुआ है। परिवार नियोजन को लेकर लोगों के व्यवहार परिवर्तन की जरूरत है। पुरुष नसबंदी सरलए सुरक्षित और महिला नसबंदी से बेहद आसान विधि है, इसलिए योग्य और इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव करें तथा इसका लाभ उठायें।

# कलेक्टर ने मयाली डेम निरीक्षण कर पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित करने के दिए निर्देश

## जलाशय के किनारे किनारे बड़े स्तर पर फलदार व छायादार पौधे लगाने की कही बात

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**खटंगा में धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों से चर्चा कर योजना के बारे में दी जानकारी**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस विकासखंड कुनकुरी के मयाली जलाशय का निरीक्षण एवं खटंगा में धान के बदले अन्य फ सल लेने वाले किसानों से चर्चा कर योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय,जनपद सीईओ लोकहित भगत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मयाली डेम को पर्यटन स्थल के रूप में और अधिक विकसित करने हेतु डेम का पुर्नगठन एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। जिससे स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त हो सके। उन्होंने जलाशय के किनारे किनारे बड़े स्तर पर फलदार व छायादार पौधे लगाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मधेश्वर पहाड़ के तराई में स्थित गुफा का भी अवलोकन किया। पर्यटन की दृष्टि से उक्त स्थान को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम पंचायत खटंगा में धान के बदले अन्य फ सल लेने वाले किसानों से भेंट कर उनसे योजना के बारे में चर्चा की। उन्होनें किसानों से खेतों में फसल बुआई की स्थिति का जानकारी लेते हुए उन्हें जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कोदो कुटकी रागी जैसे अन्य फ सलों का समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। जिसके उत्पादन से किसानों को लाभ होगा। किसान विजय तिर्की ने बताया कि वे अपने खेत में धान के बदले कोदो की फ सल ले रहे है। जिससे उन्हें शासन के योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा। कलेक्टर ने योजना का ग्रामीणों के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा। जिससे अधिक से अधिक किसान इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सके।



# शिक्षकों की समस्या से जूझ रही जिले की शिक्षा व्यवस्था

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के प्राथमिक व मीडिल स्कूल की पढ़ाई का हाल बेहाल है। इन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। नया सत्र प्रारंभ होने के बाद भी शिक्षकों की समस्या दूर नहीं हुई है। प्राथमिक व मिडिल स्कूल की पढ़ाई उधार के शिक्षक श्के भरोसे चल रही है।



यानी जिस स्कूलों में शिक्षक नहीं है, वहां अन्य स्कूलों से शिक्षकों को पदस्थ कर काम चलाया जा रहा है। जिले के 1770 प्राइमरी व मीडिल स्कूलों में 222 स्कूल एक शिक्षकीय हैं। वहीं दो व तीन शिक्षकों वाले स्कूलों में भी परेशानी है। क्योंकि यहां दर्ज संख्या अधिक है, लेकिन उसके एवज में शिक्षक नहीं है। ऐसे में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़ा हो रहा है कि गुणवत्ता कैसे आएगी। एक शिक्षकीय स्कूल में चाह कर भी गुणवत्ता लाना मुश्किल काम है। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग नित नए कार्यक्रम लांच कर रहा है। कार्यक्रमों का भी संचालन ढंग से नहीं हो पा रहा है। यहीं हाल हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों का है। ब्लॉकों के आउटर स्कूलों में व्याख्याताओं की कमी है।

इधर, ग्रामीण कई बार समस्या को दूर करने आवेदन दे चुके हैं। डीईओ एस चंद्रसेन कहना है कि शासन को कार्यालय की ओर से स्थानांतरण का प्रस्ताव भेजा गया है। ताकि शिक्षकों की कमी दूर की जा सके। जिले में 222 स्कूल है। जहां एक शिक्षक के भरोसे बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। यहां दर्ज संख्या भी अधिक है। लेकिन शिक्षक पढ़ाई के साथ बच्चों की देखरेख भी कर रहे हैं। इन स्कूलों में शिक्षक थे। लेकिन अन्य स्कूलों में शिक्षक नहीं होने के कारण व्यवस्था में अन्यत्र स्कूल भेज दिया गया है। इसकी वजह से एक शिक्षकीय स्कूल हो गए हैं। बार-बार शिक्षा अधिकारी द्वारा शासन को पत्र भेजा जा रहा है। लेकिन उस दिशा में काम नहीं हो पा रहा है। हैं। 1280 शासकीय प्राथमिक व 490 शासकीय मीडिल स्कूल है। व्याख्याता के लिए 1974 पद स्वीकृत है। इसमें 1443 कार्यरत है। 531 पद रिक्त है। इसी प्रकार उच्च वर्ग शिक्षक के स्वीकृत पद 2295 है, लेकिन कार्यरत 2188 है। 107 पद रिक्त है। वहीं सहायक शिक्षक के स्वीकृत पद 3687 है। कार्यरत 3619 है। वहीं 68 पद रिक्त है।

### ठीक से नए कार्यक्रमों का संचालन भी नहीं

बच्चों की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए रेडियस प्रोग्राम के भाषाई ज्ञान व खेल खेल में पढ़ाई जैसे नित नए कार्यक्रम लांच किए जा रहे हैं। हालांकि कार्यक्रम संचालन हो रहे है। लेकिन जिस दिशा में बेहतर कार्य होने चाहिए नहीं हो पा रहे हैं।

### प्राथमिक स्कूल में पांच शिक्षक, वर्तमान में सिर्फ प्रधान पाठक ही बच्चों को पढ़ा रहे

*पिथौरा विकासखंड के ग्राम ढाबाखार प्राथमिक स्कूल में पांच शिक्षक तैनात थे। इस स्कूल की दर्ज संख्या 85 है। लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण इस स्कूल से निकालकर तीन शिक्षक को अन्यत्र स्कूल में व्यवस्था कर दिया गया है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो गई है। गांव के मुकेश, चंद्रकुमार, तुषार साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में शिक्षक चिंतामणी प्रधान को पिछले साल शंकरपुर प्राथमिक स्कूल,अराधना।*

### जिले में इतने हैं स्कूल एवं शिक्षक

*शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 185 शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। 1280 शासकीय प्राथमिक व 490 शासकीय पाण्डेय को प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में व्यवस्था किया गया है। सत्र समाप्त हो गए है। लेकिन कोई नहीं आया है। इसी प्रकार एक शिक्षक मेडिकल अवकाश पर है। एक शिक्षक संतान पालन अवकाश है। स्कूल में मात्र एक प्रधान पाठक कार्यरत है। जो 85 बच्चों पहली से पा तक पढ़ा रहे हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए ग्रामीणों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।*

## एक नजर

### ट्रेक्टर शो रूम के मालिक की पुत्री सहित दो नाबालिकों का अपहरण

पतासाजी में जुटी पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्कूल जाने के लिए घर से स्कूटी लेकर निकली 12वीं कक्षा की छात्रा लापता हो गई है। दर्शन भाभी स्थान पर खोजबीन के बाद लापता छात्रा की कोई जानकारी ना मिलने से पिता द्वारा कराई गई रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने भारतीय दंड विधान की धारा 363 के अंतर्गत अपहरण का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम भिथीडीह ठीक निवासी पावर ट्रेक ट्रैक्टर शोरूम के मालिक चंद्रशेखर चौधरी की 16 वर्षीय पुत्री कुमारी रिया चौधरी कल सुबह 8 बजे पिथौरा कन्या शाला जाने के नाम पर सफेद रंग की स्कूटी लेकर घर से निकली हैए पिता ने पुलिस से की गई लिखित शिकायत में कुमारी मोनिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जाहिर करने पर अपहरण का अपराध पंजीबद्ध कर पिथौरा पुलिस पतासाजी में जुटी हुई है। इसी तरह से जिले के बसना थाना अंतर्गत ग्राम बड़े साजापाली चौकी भंवरपुर निवासी देवनारायण गहीर की अव्यस्क पुत्री कुमारी भूमिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर बसना पुलिस द्वारा धारा 363 के तहत अपहरण का जुर्म दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### किशोरी की संदिग्ध मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय पुराना रावण भाठा टामकी तालाब रोड निवासी 15 वर्षीय किशोरी की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग दर्ज कर विवेचना में शामिल किया गया है। पुलिस नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पुराना पुराना रावण भाटा निवासी शेखर चंद्र साहू की 15 वर्षीय पुत्री कुमारी मोनिका साहू को उपचार के नाम पर जिला अस्पताल ले जाया गया था जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण अज्ञात है।

### दो चाकूबाजो के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सरायपाली और महासमुंद शहर में चाकू की नोक पर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि शनिवार देर शाम महलपारा निवासी शिखर उर्फ प्रिंस 19 महल पारा के पास चाकू की नोक पर लोगों को धमका रहा था। सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया और उसके पास से दो नग चाकू जब्त किया। इधर, कोतवाली थाना क्षेत्र में विधायक निवास के पास हसमुद्दीन खान 30, भी चाकू की नोक पर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने सूचना पर उसे पकड़ा और चाकू जब्त किया। पुलिस ने दोनों ही मामले में युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25-27 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### एक ही युवक से दो युवतियों का प्रेम करना बना हत्या का कारण

0 प्रेम त्रिकोण में युवती की हत्या,युवती ने पिता,भाई व जीजा के साथ मिलकर की हत्या

0 जंगल में मिली अधजली लाश के मामलें का खुलासा

**कोंडागांव** । छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में कत्ल का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जहां पुलिस ने एक युवती की हत्या के मामलें में एक अन्य युवती तथा उसके पिता, भाई तथा जीजा को गिरफ्तार किया है। एक ही युवक से दो युवतियों का प्रेम करना बना हत्या का कारण है। मामला माकड़ी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पखनबेडा का है। जहां 8 जुलाई को जंगल में अधजली लाश मिली थी। जिसकी पहचान प्रमिला नेताम नामक युवती के रूप में हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामलें की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। अब इस मामलें में पुलिस को सफ्लता मिल गई है। पुलिस ने युवती की हत्या के आरोप में एक अन्य युवती जमुना यादव, भाई संतु, पिता रामप्रसाद यादव और जीजा सोमारू यादव को गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने के बाद आरोपी युवती ने पुछताछ में पुलिस को बताया कि वह एक युवक से प्रेम करती थी वहीं मृतका प्रमिला भी उस युवक से प्रेम करती थी जिसे वह सहन नहीं कर पाई और प्रमिला को जंगल में मिलने बुलाया तथा अपने भाई,पिता व जीजा के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी तथा लाश को जला दिया।

## 24 पौवा देशी प्लेन शराब एवं जुआ एक्ट के मामले में नगदी रकम 1000 एवं सट्टा पट्टी जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

जिसके तहत 09 जुलाई 2022 को थाना नवागढ पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि हनुमान मंदिर के पास ग्राम झाल में प्रदीप साहू अवैध रूप से धन अर्जित करने की नियत से शराब रख कर बिक्री कर रहा है कि सूचना पर थाना नवागढ स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। जिसमें 01 प्रकरण में 01 आरोपी प्रदीप साहू पिता निरंजन साहू उम्र 21 साल साकिन झाल थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा के कब्जे से 24 पौवा देशी प्लेन शराब ;4,320 कीमती 1920 बिक्री रकम 600 कुल जुमला रकम 2,520 को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। इसी क्रम में 09 जुलाई 2022 को थाना साजा पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि ग्राम देऊरगांव चौक के पास में गौतम निषाद साकिन तिरियाभाट आम जगह में अंको पर से रूपया पैसो का हार जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख कर जुआ खेला रहा है कि सूचना पर थाना साजा स्टाफ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी को अंको पर से रूपया.पैसो का हार.जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथो पकड़े गये। जिसमें 01 प्रकरण में 01 आरोपी गौतम निषाद पिता रविलाल निषाद उम्र 30 साल साकिन तिरियाभाट थाना परपोडी जिला बेमेतरा के कब्जे से जुमला नगदी रकम 1000 एवं सट्टा,पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4 ;क, जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

## प्रदेश व्यापी रोका-छेका अभियान प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी 10 जुलाई से प्रदेशव्यापी रोका-छेका का अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान फसल को चराई से बचाने के लिए पशुओं को नियमित रूप से गौठान में लाने हेतु रोका-छेका अभियान के अंतर्गत मुनादी कराई जाएगी। गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, पशु नस्ल सुधार हेतु बधियाकरण, कृत्रिम गर्भधान एवं टीकाकरण किया जाएगा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बेमेतरा जिले के सभी चार जनपद पंचायत बेमेतरा,बेरला साजा एवं नवागढ़ के सीईओ को इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि रोका-छेका हमारी पुरानी परंपरा है। राज्य में बीते सालों में भी यह अभियान चलाया गया थाए जिसका परिणाम बड़ा ही उत्साहजनक रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य में चालू खरीफ सीजन के दौरान 10 जुलाई से 20 जुलाई तक यह अभियान पुनः चलाया जा रहा है। उन्होंने इसकी सफलता के लिए सभी किसानों एवं पशुपालकों से सहयोग की अपील की है। राज्य में खरीफ फसलों की बुवाई तेजी से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम सब जानते है कि फसलों की बुवाई के बाद किसानों की सबसे बड़ी चिन्ता फसलों की देखभाल और उसकी सुरक्षा की होती है। फसलों की सुरक्षा के लिए रोका.छेका का अभियान महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। इससे हमारी फसल और पशुधन दोनों सुरक्षित रहेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रोका-छेका हमारी पुरानी परंपरा है। इसके माध्यम से हम अपने पशुओं को खुले में चराई के लिए नहीं छोड़ने का संकल्प लेते हैं। ताकि हमारी फसलों को नुकसान ना पहुंचे। पशुओं को अपने घरोंए बाड़ों और गौठानों में रखा जाता है और उनके चारे-पानी का प्रबंध करना होता है। पशुओं का रोका छेका का काम, अब गांव में गौठानों के बनने से आसान हो गया है। गौठानों में पशुओं की देखभाल और उनके चारे-पानी के प्रबंध की चिंता भी अब आपकों करने की जरूरत नहीं है। गौठान समितियां इस काम में लगी हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य में पशुधन की बेहतर देखभाल हो, इस उद्देश्य से गांव में गौठान बनाए जा रहे हैं। अब तक हमनें 10,624 गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी है। जिसमें से 8408 गौठान बनकर तैयार हो गए हैं। गोठनों में आने वाले पशुओं को सूखा चारा के साथ-साथ हरा चारा उपलब्ध हो, इसके लिए सभी गोठनों में चारागाह का विकास तेजी से किया जा रहा है। राज्य के 1200 से अधिक गौठानों में हरे चारे का उत्पादन भी पशुओं के लिए किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बरसात के दिनों में ही पशुओं में गलघोटू और एकटंगिया की बीमारी होती है। पशुओं को इन दोनों बीमारियों से बचाने के लिए उनकी देखभाल इस मौसम में ज्यादा जरूरी है। रोका-छेका का अभियान भी इसमें मददगार होगा। गलघोटू और एकटंगिया बीमारी से बचाव के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुओं को टीका लगाया जा रहा है। पशुधन हमारी संपत्ति है। इसकी देखभाल करें, खुले में चरने के लिए न छोड़े, इससे हमारी फसल और पशुधन दोनों सुरक्षित रहेंगे। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि राज्य में खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी रोका-छेका का अभियान संचालित किया जा रहा है। हमारे किसान भाईयों ने राज्य में बीते वर्ष रोका-छेका अभियान को सफल बनाया था। जिसके कारण राज्य में बम्फर फसल उत्पादन हुआ। गांवों में गौठानों के बनने से रोका-छेका का काम सहज हो गया है। किसान भाईयों अब अपने पशुओं की देखभाल और उनके चारे-पानी के प्रबंध की चिंता करने की जरूरत नहीं है, गौठानों में पशुओं के देखभाल एवं चारे-पानी का प्रबंध है।

## सियाराम बंजारे जिला ताईक्कांडों संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**कोरबा** । शनिवार को डीडीएम रोड स्थित हरिमंगल में आयोजित चुनाव के दौरान सदस्यों ने उन्हे संगठन का प्रमुख चुना है।

छत्तीसगढ़ ताइक्कांडों व जिला ओलंपिक संघ के तत्वावधान चुनवा शांति पूर्ण रहा। जिला ताइक्कांडो संघ के नवीन कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्कांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सुरेश क्रिस्टोफर सचिव जिला ओलंपिक संघ की देखरेख में संगठन के पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्य पूरा हुआ। जिले के ताइक्कांडो संघ की नई कार्यकारिणी में संरक्षक रिशु अग्रवाल, उपाध्यक्षों में शत्रुघ्न ताती, अविनाश बंजारे व शुभ्रा सिंघाई, सचिव दुर्गेश साहू, सहसचिव प्रेम राज बंजारे, सुयश चंद्रा, किरण निराला, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत साहू एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची में राजेंद्र पटेल, प्रमोद यादव, राजा सोनी, स्नेहा बंजारे, देवाशीष कश्यप चुने गए। वार्षिक साधारण सभा की बैठक में इस बार 17 वीं राज्य स्तरीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा में करने का दायित्व दिया गया है।

## सवालों के घेरे में वन विभाग वन विनाश जारी, कुम्भकरणी निद्रा में लीन हैं वन अधिकारी





जोहार छत्तीसगढ़-पंडरिया

जंगल और पर्यावरण को बचाने के लिए केंद्र और राज्य दोनों ही शासन की ओर से बातें तो बहुत की जाती है। पर इन नाकाफी कोशिशों की जमीनी हकीकत कुछ और है। यहां तक कि वन सुरक्षा समिति और बीट गार्ड भी अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभा रहे हैं। इससे जंगल में अब केवल ठूंठ नजर आ रहे हैं। वन विभाग की निष्क्रियता का आलम यह है कि जंगल की निगरानी के लिए वन विभाग की ओर से तैनात किए गए रेंजर और बीट गार्ड को भी मामले की जानकारी होने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। घने जंगलों के भीतर अवैध कटाई का सिलसिला पहले से ही जारी है। एक तरफ वनों को संरक्षित करने के लिए पौधे लगाने की पहल की जा रही है। वहीं दूसरी ओर जंगल के पेड़ों को काटा जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दमगढ़ बिट कक्ष क्रमांक 47 में सागौन प्लाट है जहां अवैध कटाई के चलते पूरे ठूठ में तब्दील हो गई है पर भी जिमेदार कोई ठोस गदम नहीं उठा रहे हैं तस्करों के द्वारा बड़े पैमाने पर बेशकीमती पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करते हुए लकड़ी की तस्करी की जा रही है। साथ ही वन भूमि पर बेसकीमती पेड़ों की कटाई कर कब्जे का खेल भी जारी है। तो वहीं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मूक दर्शक बने हुए हैं। वन विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष वनों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए योजना बनाई जाती है। लेकिन ये सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गई है। वंही घने पेड़ो की कटाई से वन्य प्राणियों के जीवन पर भी संकट उत्पन्न हो गया है।

### दमगढ़ कुई बीट में आए दिन इमारती वृक्षों की कटाई होती है

पंडरिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले दमगढ़ व कुई बीट में लगे शाल सागौन जैसे पेड़ों की अवैध कटाई जारी हैं। जिन पेड़ों की कटाई की जा रही है, वे बढ़ते हुए पेड़ हैं, यहां बड़े बड़े सिल्प्ट बल्ली का भी तस्कर की जाती है पर भी वन विभाग जानबूझकर इससे अनजान बना हुआ है। वही स्थानीय कुछ वन प्रेमियों ने बताया कि अगर पेड़ों की कटाई की जानकारी हमारे द्वारा स्थानीय बीट गार्ड,डिप्टी या रेंजर को दी जाती है फिर भी कोई प्रकार का कार्यवाही नही करते जो समझ से परे है।

### एक ही बिड गार्ड को दो जगह का प्रभार

*दमगढ़ बिट और कुई बीट एक ही बिड गार्ड देख रेख कर रहे हैं। जिसके चलते हो सकता है देख रेख करने में दिकते आ रहा होगा जिसके चलते अवैध कटाई पर अंकुश नहीं लग पा रही है।*

### उड़नदस्ता टीम आखिर इनके ऊपर क्यों हैं महेरबान

*डीविजन से तीन से चार महीने में उड़नदस्ता टीम हर बिट में जाते हैं जांच करने पर भी जिम्मेदार कर्मचारियों के ऊपर क्यों नहीं करते कार्यवाही कुछ चुनिंदा लोगों के ऊपर कार्यवाही कर वाहवाही लूटने में लगे रहते हैं। इससे सक के घेरे में है उड़नदस्ता टीम अब देखने वाली बात है क्या एक्शन लेते है इनके ऊपर उच्च अधिकारी।*

## ईदगाह में अदा की गई बकरीद की नमाज

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार ईद उल अजहा यानी बकरीद है। इस मौके पर रतनपुर के जमात के लोगों ने ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा की गई। इस दौरान काफी संख्या में नमाजी जुटे। बता दें कि देश में आज बकरीद का त्योहार मनाया जा रहा है। बकरीद को ईद.उल.अजहा भी कहा जाता है। बकरीदए मुस्लिम समाज के प्रमुख त्योहारों में से एक है। मुस्लिम समुदाय के लोग इस त्योहार पर बकरे की कुर्बानी देते हैं। देश में रविवार यानी 10 जुलाई को मुसलमानों का दूसरा सबसे बड़ा त्योहार ईद.उल.अजहा मनाया जाएगा। इसे आमतौर पर बकरीद के नाम से भी जान जाता है। इस्लामी कैलेंडर के मुताबिक, आखिरी माह जूं अल हज्जा में बकरीद मनाई जाती है। इस त्योहार को त्याग और कुर्बानी के तौर पर मनाया जाता है। कुर्बानी के साथ ही जमात और नमाज अदाकर सलामती की दुआ की जाती है। बकरीद को मनाने का भी अपना एक इतिहास है। इसका इतिहास अल्लाह के पैगंबर हजरत इब्राहिम से जुड़ा हुआ है। इस्लाम धर्म की मान्यताओं के मुताबिक, हजरत इब्राहिम ने जब अपने बेटे की कुर्बानी देने का निश्चय किया तभी इस पर्व की नींव पड़ी रतनपुर हाफिज मोहम्मद हुसैन ने बकरीद की नमाज ईदगाह में पढ़ाई देश और प्रदेश के लिए खुशहाली की दुआ मांगी गई सभी इस्लामी भाई नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिले एक दूसरे को मुबारकबाद दिया उसके बाद सभी के घर में बकरी की कुर्बानी की गई।

## फिर एक फिल्म में साथ दिखेंगे प्रभास और अनुष्का शेट्टी



दक्षिण भारतीय अभिनेता प्रभास और अनुष्का शेट्टी की जोड़ी पर्दे पर हिट रही है। बाहुबली में इन दोनों ने अपने अभिनय का शानदार नमूना पेश किया था। फैंस से लेकर समीक्षकों तक ने उनकी बॉन्डिंग को पसंद किया था। अब एक ऐसी खबर आ रही है, जिसे जानकर प्रभास के फैंस झूम उठेंगे। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि प्रभास और अनुष्का एक बार फिर एक फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास और अनुष्का एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। खबरों की मानें तो ये दोनों निर्देशक मारुति की अगली फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें दोनों कलाकार अलहदा अंदाज में नजर आएंगे।

## शमशेरा में रणबीर के साथ काम करके बेहद खुश वाणी कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर, जो अपनी आगामी फिल्म शमशेरा की रिलीज के लिए तैयार हैं, रणबीर के साथ काम करके बेहद खुश हैं और उन्हें लगता है कि फिल्म के निर्देशक करण मल्होत्रा एक दूरदर्शी कहानीकार हैं। इस बारे में विस्तार से बताते हुए वाणी ने कहा, शमशेरा मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट है।

करण मल्होत्रा जैसे किसी व्यक्ति द्वारा निर्देशित किया जाना, जो एक दूरदर्शी कहानीकार है, एक ऐसा अवसर है, जिसे कोई भी अभिनेता कभी नहीं चूकेगा। मैं भाग्यशाली है कि उन्होंने महसूस किया कि मैं इस भूमिका के लिए उपयुक्त थी। करण अपने शिल्प और कहानी के प्रति जुनूनी है जिसे वह बताने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक निर्देशक की अभिनेता हूं इसलिए मुझे उनके दृष्टिकोण और शमशेरा को सही मायने में एक बनाने की योजना में एक अद्भुत समय मिला। जीवन से बड़ा बड़े परदे का तमाशा।रणबीर कपूर के साथ अपनी जोड़ी के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, मैं फिल्म में हमारी पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ अभिनेताओं में से एक रणबीर कपूर के साथ भी काम कर रही हूं। यह पहली बार है जब हमें स्क्रीन पर एक साथ जोड़ा गया है और मैं उम्मीद करती हूं की लोग फिल्म में हमारी केमिस्ट्री को पसंद करें। हमारे पात्रों का एक अद्भुत ग्राफ है और मुझे उम्मीद है कि लोग इसे पसंद करेंगे और इसके लिए जड़ें जमाएंगे।काजा के काल्पनिक शहर में सेट, पीरियड एक्शन में रणबीर को टाइटैनिक का किरदार निभाते हुए देखा जाएगा। इस बड़े कास्टिंग तख्तापलट में संजय दत्त रणबीर के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभा रहे हैं। संजय दत्त के साथ काम करने के बारे में, वाणी ने साझा किया, मुझे संजय दत्त के साथ काम करने का मौका मिला और मैं वर्षों से उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। मैं उन्हें अग्निपथ से प्यार करती थी। आपको शमशेरा में उनके लिए इंतजार करना और देखना होगा क्योंकि वह फिर से हमें हिंदी सिनेमा में युगों-युगों के लिए खलनायक देने जा रहा है।

## एरिका पैकर्ड खतरों के खिलाड़ी 12 से बाहर होने वाली पहली प्रतियोगी



रियालिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 से टेलीविजन पर अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस एरिका पैकार्ड शो से बाहर होने वाली पहली प्रतियोगी बनी है। वह आयरिश अमेरिकी मूल के दिवंगत बॉडी बिल्डर गेविन पैकार्ड की बेटी हैं, जिन्होंने मुख्य रूप से बॉलीवुड और मलयालम फिल्मों में खलनायक की भूमिकाएं निभाई हैं।

एरिका ने कहा, शो से इतनी जल्दी बाहर निकलने पर मुझे दुख है लेकिन इस शो से मैंने बहुत कुछ सीखा है।अपने पहले कार्य में निशांत भट के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बाद, एरिका ने फियर फंदा के साथ समाप्त किया। इसके साथ ही उन्हें एक और मौका मिला और उन्होंने मोहित मलिक और तुषार कालिया के साथ एक स्टंट किया।

अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के बावजूद, वह एलिमिनेशन राउंड में पहुंच गई। एरिका पैकर्ड ने आगे शो और शो के साथियों के बारें में कहा है कि मुझे यहां सब बहुत अच्छे लोग मिले जिनके साथ में जुड़ी रहूंगी। इसके साथ ही एरिका ने बताया कि यह उनके लिए काफी नया है। अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, इस तरह एक रियलिटी शो में होना मेरे लिए अपने आप में एक डर था जिसे मैंने दूर कर लिया है।

स्टंट के बारे में बात करते हुए मैं कहूंगी कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, मैं एलिमिनेशन स्टंट के दौरान थोड़ा घबरा गई थी और इसलिए चाबियां नहीं रख सकी।खतरों के खिलाड़ी 12 कलर्स पर प्रसारित होता है।

## अपनी चाय को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए मिलाएं कुछ जड़ी बूटियां, मानसून का लें मजा



मानसून ने गर्म-गर्म चाय का मजा लेना और बालकनी में खड़े होकर बारिश को देखना, ऐसी इच्छा सभी की होती है. लेकिन अगर सर्दी, जुकाम, खांसी आदि से बचाना चाहते हैं तो आप अपनी चाय में कुछ ऐसी जड़ी बूटियां को मिला सकते हैं, जिनके सेवन से आप मानसून में होने वाली सभी समस्याओं से बच सकते हैं. आज का हमारा लेख उन्हीं जड़ी बूटियों पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि आप अपनी चाय में किन जड़ी बूटियों को मिला सकते हैं.

**हल्दी**- जब बारिश शुरू होती है, तो हल्दी, जिसमें करक्यूमिन, डेस्मेथोक्सीकुरक्यूमिन और बिस-डेस्मेथोक्सीकुरक्यूमिन की ताकत होती है, हमारे शरीर के अंदरूनी हिस्से को मजबूत कर सकती है। जड़ी बूटी की जीवाणुरोधी विशेषताओं के कारण, यह मानसून के मौसम में होने वाले कई संक्रमणों का इलाज कर सकता है। हमारे वजन घटाने के कार्यक्रम के लिए हल्दी की चाय के अतिरिक्त फायदे हैं।

**तुलसी**- चिकित्सीय जड़ी बूटियों के क्षेत्र में तुलसी एक प्रसिद्ध रॉकस्टार है. एक कप तुलसी की मिश्रित चाय छाती की भीड़ को कम करेगी, हमारी नाक को खोल देगी और बीमारी को खत्म कर देगी. तुलसी में पाए जाने वाले विटामिन ए, डी, आयरन, फाइबर और अन्य घटक बैक्टीरिया को नष्ट करने और प्रतिरक्षा में सुधार करने में मदद करते हैं. इसके अतिरिक्त, तुलसी अच्छे मौखिक और दंत स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए एक शानदार जड़ी बूटी है.

**सतपर्णा**- मॉनसून के कारण मच्छरों की आबादी में वृद्धि और मलेरिया का खतरा दोनों बढ़ गए हैं. इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में प्राचीन सतपर्ण का पेड़ एक शक्तिशाली हर्बल हथियार है. इस जड़ी बूटी, जिसे सफेद चीजवुड भी कहा जाता है, में शक्तिशाली मलेरिया-रोधी गुण होते हैं. इसके ज्वरनाशक प्रभाव बुखार को कम कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, यह मलेरिया के लिए शरीर के समग्र प्रतिरोध को मजबूत कर सकता है. अंतिम लेकिन कम से कम, यह त्वचा की कई समस्याओं के साथ-साथ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल दर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकता है.

**अदरक**- जबकि बारिश के दौरान सड़क पर खाना बेहद आकर्षक हो सकता है, पेट दर्द के एक भयानक मामले के साथ आता है. इस वजह से, हमारी चाय में अदरक मिलाना एक शानदार विचार है.

## मानसून के दौरान बढ़ते वजन को कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स



मानसून में वजन के बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है। दरअसल, अधिकतर लोग बारिश होने पर गर्मागर्म समोसा और चाट-पकौड़ी खाना काफी पसंद करते हैं, लेकिन ये तैलीय खाद्य पदार्थ शरीर में फैट बढ़ाते हैं। इसके अतिरिक्त, इस मौसम में कई लोग जिम जाने से भी बचते हैं, जिस वजह से शरीर की अतिरिक्त कैलोरी बर्न नहीं हो पाती और वजन बढ़ने लगता है। आइए आज हम आपको मानसून के दौरान वजन घटाने के लिए पांच टिप्स देते हैं। वजन घटाने के चक्कर में भूखे रहना बिल्कुल भी अच्छा विचार नहीं है क्योंकि भूखे रहने के कारण काफी ज्यादा भूख लगती है और इससे आपकी दिनभर भूखे रहने की मेहनत बर्बाद हो जाती है। बेहतर होगा कि आप भूखे न रहें बल्कि अपनी डाइट में प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट, विटामिन, मिनरल्स और लो फैट वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करें। इससे शरीर में कमजोरी भी नहीं आएगी और वजन भी घटेगा। अगर आप चाहते हैं कि आपका वजन तेजी से घटे तो स्वास्थ्यवर्धक खान-पान के साथ-साथ पानी के महत्व को भी समझें। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना कम से कम सात से आठ गिलास पानी पीने की जरूरत होती है। सही मात्रा में पानी पीना, विशेष रूप से गर्म पानी शरीर के फैट को कम करने में मदद कर सकता है।

आप चाहें तो अपनी डाइट में डिटॉक्स वॉटर भी शामिल कर सकते हैं। मानसून के दौरान एक प्लेट गर्मागर्म पकौड़े, समोसे और जलेबी जैसे तैलीय खाद्य पदार्थों को खाने की इच्छा होना एक सामान्य बात है, लेकिन आपको इनके सेवन से बचने की कोशिश करनी पड़ेगी क्योंकि ये आपके वजन घटाने वाले प्लान को असफल कर सकते हैं। आप चाहें तो स्नैक्स के तौर पर इन चीजों की बजाय उबले स्वीटकॉर्न, मूंगफली चाट और स्प्राउट्स जैसे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों का सीमित मात्रा में सेवन कर सकते हैं।



## टीम इंडिया का टी-20 सीरीज पर कब्जा

इंग्लैंड को दूसरे मुकाबले में 49 रन से हराया, भुवी को 3 विकेट; रोहित ने कप्तानी में बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारत ने दूसरे टी-20 मैच में इंग्लैंड को 49 रन से हरा कर 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 170 रन बनाए।




रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की टीम 17 ओवर में 121 रन के स्कोर पर सिमट गई। मोइन अली ने 35 रन बनाए। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल को 2-2 मिले।

यह रोहित शर्मा की कप्तानी में तीनों फॉर्मेट को मिलाकर भारत की लगातार 19वीं जीत है। टी-20 क्रिकेट में यह उनकी कप्तानी में लगातार 14वीं जीत है। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 29 गेंद पर 46 रन की पारी खेली। खराब फॉर्म से जूझ रहे विराट एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। इंग्लैंड के लिए क्रिस जॉर्डन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं, अपना पहला मैच खेल रहे रिचर्ड ग्लीसन ने तीन विकेट अपने नाम किए। मैच में टीम इंडिया ने बड़ा बदलाव किया और ऋषभ पंत के साथ रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाजी करने आए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 29 गेंद में 49 रन जोड़े। रोहित 20 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद लगातार दो गेंदों पर दो विकेट गिरे। वहीं, अगली ही गेंद पर धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे ऋषभ पंत भी 15 गेंद में 26 रन बनाकर चलते बने। सूर्य कुमार यादव भी मैच में कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए और 15 रन बनाकर आउट हो गए। हार्दिक भी सूर्यकुमार के आउट होने के बाद अगली ही गेंद पर 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दोनों को क्रिस जॉर्डन ने आउट किया। पंड्या के आउट होने के बाद उम्मीद दिनेश कार्तिक से थी, लेकिन वो भी कुछ खास नहीं कर पाए और 17 गेंद में 12 रन बनाकर रनआउट हो गए।

## लाबुशेन, स्मिथ के शतकों से ऑस्ट्रेलिया मजबूत



**गाले** । ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (109 नाबाद) और मार्नस लाबुशेन (104) के शतकों की बदौलत श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन पांच विकेट के नुकसान पर 298 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन के नायक स्मिथ रहे जिन्होंने अपना 28वां टेस्ट शतक लगाया। स्मिथ 212 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके लगाकर 109 रन पर नाबाद हैं। 87 मैच खेल चुके स्मिथ ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट शतक जनवरी 2021 में जड़ा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का विकेट जल्दी गंवा दिया। वॉर्नर महज पांच रन बनाकर कसुन रजिता की गेंद पर बोल्ड हो गये। उनके साथी उस्मान ख्वाजा ने 77 गेंदों पर चार चौकों के साथ 37 रन बनाये।

दोनों सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद रैंक टर्नर पिच पर स्मिथ-लाबुशेन की जोड़ी ने मोर्चा संभालकर 134 रन की साझेदारी की। दोनों ने रमेश मेंडिस और प्रभात जयसूर्या की सटीक गेंदबाजी का संयम से जवाब दिया। चाय से ठीक पहले आउट हुए लाबुशेन ने 156 गेंदों पर 12 चौकों के साथ 104 रन बनाये। लाबुशेन के बाद ट्रेविस हैड (12) और केमरन ग्रीन (4) भी जल्दी आउट हो गये, लेकिन विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पारी को संभाला और दिन का खेल समाप्त होने तक स्मिथ के साथ 46 रन की साझेदारी की।

### एक नजर

## हार्दिक ने युवराज का कारनामा दोहराया



**साउथम्पटन** । आलराउंडर हार्दिक ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी 20 में 51 रन बनाने के अलावा चार विकेट लेकर युवराज सिंह के कारनामे को दोहरा दिया है। युवराज के बाद हार्दिक ही एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं, जिसने एक टी20 मैच में 50 रन भी बनाए और चार विकेट भी लिए। हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण 2018 से 2020 तक क्रिकेट से दूर रहे। इस दौरान उनके करियर पर कई सवाल उठाए गए। यह भी कहा गया कि उनका करियर ज़्यादा लंबा नहीं चलेगा। क्या वह पुराने हार्दिक बन पाएंगे? क्या वह चोट मुक्त रह सकते हैं? क्या वह गेंदबाज़ी कर सकते हैं? यदि हां, तो क्या वह अपनी गति और मैदान पर अपनी पुरानी तीव्रता को फिर से वापस ला सकते हैं ?

## अगस्त में ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत



**मुंबई** । भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम अगले महीने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रंखला के लिये ज़िम्बाब्वे का दौरा करेगी। यह तीन मैच आईसीसी वनडे सुपर लीग का हिस्सा हैं, जो 18, 20 और 22 अगस्त को खेले जाएंगे। घरेलू टीम के लिए यह मैच बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि श्रृंखला के अंक अगले साल के एकदिवसीय विश्व कप के लिए चालीफाई करने के लिए गिने जाएंगे। यह पॉइंट भारत के लिए उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि वह अगले अक्टूबर में होने वाले शिखर आयोजन के लिए सीधे चालीफाई कर चुका है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ इस महीने एक के बाद एक खेले जाने वाले छह एकदिवसीय मैच सुपर लीग का हिस्सा नहीं हैं। ज़िम्बाब्वे क्रिकेट (ज़ेडसी) के एक अधिकारी ने कहा, हम भारत की मेजबानी करके बहुत खुश हैं और हम एक प्रतिस्पर्धी और यादगार श्रृंखला के लिए तत्पर हैं। फिलहाल सभी मैच राजधानी के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाने हैं। भारतीय टीम के 15 अगस्त को हरारे पहुंचने की उम्मीद है। ज़िम्बाब्वे के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान तकनीकी निदेशक लालचंद राजपूत ने कहा, भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना खिलाड़ियों के लिए और ज़िम्बाब्वे में क्रिकेट बिरादरी के लिये एक बड़ा अवसर है। यह युवा पीढ़ी के बीच इस खेल के लिए बहुत रुचि पैदा करेगा।

लगातार फ्लॉप हो रहे विराट की मुश्किल बढ़ी

## रोहित-द्रविड़ ने बदल दिया खेल का अंदाज; अब करनी होगी 160+ के स्ट्राइक रेट से बैटिंग

तीन साल पहले तक भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ माने जाने वाले विराट कोहली इस समय करियर के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद उनका खामोश बल्ला मुंह नहीं खोल रहा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 में वे 1 रन बनाकर आउट हो गए।

इस बीच उनके सामने एक और विशाल चुनौती आन खड़ी हुई है। चुनौती यह है कि अगर उन्हें भारत की टी-20 टीम में बने रहना है तो 160+ के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करनी होगी।

पिछले 15 दिन में हमने देखा है कि टीम इंडिया ने टी-20 क्रिकेट खेलने की एक बेहद ही आक्रामक रणनीति बना ली है। अब हमारे बल्लेबाज शुरुआत से लेकर अंत तक हमलावर रुख अपनाए रहते हैं। जोर बड़ी पारी खेलने पर नहीं बल्कि आक्रामक पारी खेलने पर ज्यादा है। 130 के स्ट्राइक से बनाए गए 80 रन की अहमियत नहीं है। अब 200 के स्ट्राइक रेट से बनाए गए 30 रन ज्यादा कीमती है।




## एलीना रिबाकीना बनी विंबलडन चैंपियन

फाइनल में ट्यूनीशिया की ओंस जैबुअर को हराया, खिताब जीतने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं



एलीना रिबाकीना विंबलडन की नई महिला चैंपियन बन गई हैं। कजाकिस्तान की 23 साल की रिबाकीना ने फाइनल में अपने से कहीं ऊंची रैंक वाली ट्यूनीशिया की 27 साल की ओंस जैबुअर को 3-6, 6-2 ,6-2 से हराया। रिबाकीना का वर्ल्ड रैंकिंग 23 है। जबकि जैबुअर की वर्ल्ड रैंकिंग 3 है। रिबानीका का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। वहीं जैबुअर भी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची थी। जैबुअर अरब और अफ्रीकी देशों की पहली महिला खिलाड़ी थीं,जो किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची। रिबाकीना विंबलडन जीतने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 2011 में पहली बार चैंपियन बनीं पेत्रा क्वितोवा ने 21 साल की उम्र में विंबलडन का खिताब जीता था। वहीं स्पेन की गार्बिन मुगुरुजा विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी थीं। रिबाकीना मूल रूप से रूस की रहने वाली हैं।

एलीना टेनिस से पहले जिम्नास्टिक और आइस हॉकी में करियर बनाना चाहती थीं। उनकी लंबाई अधिक होने की वजह से उनके पिता ने टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया। रिबाकीना की लंबाई अभी छह फुट है।

# जिला न्यायालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**जगदलपुर ।** जिला न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में शामिल होकर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री आलोक कुमार, न्यायाधीशगण तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने श्रमदान के माध्यम से पूरे न्यायालय परिसर की सफाई की। जिला न्यायाधीश श्री आलोक कुमार ने स्वच्छता अभियान के संबंध में कहा कि मनुष्य अपने दिनचर्या में अपने घर तथा अपने कार्यस्थल पर ही पूरा समय बिताता है। जिस तरह हम स्वयं को स्वच्छ रखते हैं उसी तरह हमें अपने आस-पास के स्थान एवं वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना है स्वच्छ वातावरण से मन आनन्दित रहता है जिससे हमें पूरे दिन उर्जा प्राप्त होती है।

न्यायालय परिसर के स्वच्छता अभियान के तहत पूरे न्यायालय परिसर के साथ- साथ न्यायालय भवनों के अंदर की साफ-सफाई की गई। साथ ही उपस्थित समस्त न्यायाधीशगणों एवं कर्मचारियों को निरन्तर श्रमदान कर साफ-सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वच्छता अभियान में परिवार न्यायालय के न्यायाधीश श्री मनीष कुमार ठाकुर, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन श्री ग्रेगोरी तिर्की, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री डी आर देवांगन, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती निधि शर्मा तिवारी, अपर जिला न्यायाधीश श्री जगमोहन पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अनिल कुमार बारा, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अनिता ध्रुव, सुश्री सीमा कंवर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गीता बृज के साथ-साथ न्यायालय अधीक्षक श्री पीके देवांगन, परिवार न्यायालय के अधीक्षक श्री प्रखर तिवारी, न्यायालय उपाधीक्षक श्री महेश सिन्हा सहित समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे तथा उक्त स्वच्छता अभियान में नगरपालिक निगम के कर्मचारियों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

# झमाझम बरसते पानी में डामरीकरण



**केशकाल।** लोकनिर्माण विभाग द्वारा धनौरा कोर कोटी मार्ग पर भरी बरसात में झमाझम बारीश के बीच डामरीकरंण कराया गया , जिस पर लोग हैरत जाहिर करते रहे इस वर्ष सर्वाधिक बरसात सुबह से शाम तक --को हुआ सुबह से बरसते पानी में धनौरा के मुख्य मार्ग पर विभाग के समय पाल,सब इंजीनियर, एस डी ओ के बगैर उपस्थिति के डामरीकरंण का काम कराया गया बरसते पानी और सडक पर बहते पानी के उपर किये जा रहे डामरीकरंण पर लोग हैरत जाहिर करते अपने मोबाइल से विडियो बना बनाकर वायरल करना आरंभ कर दिया बरसते पानी में किये जा रहे डामरीकरंण का विडियो कमीश्नर कलेक्टर से लेकर अधिकांश सक्षम एवं संबंधित अधिकारियों को भेजा गया पर किसी भी अधिकारी ने इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर करना और कोई कार्यवाही करना जरूरी नहीं समझा लोग भरी बरसात में डामरीकरंण होने की अपेक्षा इस पर अधिकारियों द्वारा मौन साध लेने पर हैरानी जाहिर किया जा रहा है।

# पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन को यादगार , लोगों से पौधरोपण का किया अपील



**कोंडागांव**- सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिलाध्यक्ष जिला कोंडागांव एवं कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी रितेश पटेल ने पौधा रोपण कर मनाया अपने जन्मदिन को यादगार। रीतेश ने बताया आज लगातार8-9 वर्षो से प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीणों को मुफ्त में पौधा वितरण करते हैं और स्वयं भी रोपण करते हैं साथ ही पौधा प्राप्त कर्ताओं से पौधा को बचाने अपील भी करते हैं एक व्यक्ति को केवल 1या दो पौधा ही देते हैं ताकि वह उस पौधे का सही ढंग से देख रेख कर सके,प्रतिवर्ष अलग अलग पौधे बांटते हैं जैसे नारियल, आम, मुनगा, कटहल, अमरूद, नींबू, पपीता,आंवला।पटेल ने आगे बताया हर वर्ष तो पौधा वितरण करते हैं परंतु इस वर्ष पौधा न बांटते हुए स्वयं नींबू व नारियल का प्लान्टेशन करेंगे जहां पर नारियल और नींबु के लगभग 700 पौधे रोपित कर रहे हैं जिसकी शुरुआत 8जुलाई जन्मदिन से की है।आज की चकाचौंध जिंदगी में जहां लोग बकरा मुर्गा एवम होटल ढाबों में पार्टी कर अपने जन्मदिन को मनाते हैं वहीं रितेश पटेल पौधरोपण कर आमजनमानस में यह संदेश देना चाहते हैं व अपील करते हैं कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने बचाने की जिम्मेदारी हमारी ही है हमें पौधरोपण को अधिक से अधिक महत्व देनी चाहिए हम अपने जन्मदिन पर भले ही पार्टी करें पर पौधा रोपण अवश्य करें।

# राजधानी में लूट के बाद युवक की हत्या

## 4 लोगों ने पहले जमकर पीटा, फिर मारा चाकू; एक महीने में चाकू गोदकर ही 4 मर्डर



**रायपुर।** राजधानी में एक बार फिर लूट और हत्या की वारदात हुई है। मामले में 36 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के पास कातिलों का कोई सुराग नहीं है। एक शख्स की मौत के बाद अनजान लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को पकड़ा जाएगा। पिछले महीने अचानक गुंडे-बदमाशों को एक्टिव होकर पकड़ने वाली पुलिस का अभियान ठप पड़ा हुआ है, इससे बेखौफ बदमाश फिर सड़कों पर चाकू लिए लूट, मारपीट और आम आदमी पर हमले कर रहे हैं।

ताजा घटना शुक्रवार देर रात की है। दुखित राम नाम का युवक एक्सप्रेस वे सड़क से घर लौट रहा था। 4 आरोपियों ने लूट की नीयत से उसे रोका। बदमाशों ने उसे पीटा और चाकू से कई वार किए। दुखित के 7 हजार रुपए और मोबाइल लेकर फरार हो गए। गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल फिर दुखित को अंबेडकर अस्पताल भेजा गया। शनिवार को दुखित की मौत हो गई। अब इस केस में लूट के बाद हत्या की धाराएं जोड़कर पुलिस कातिलों को ढूंढ रही है।

## 30 दिनों में 4 मर्डर चाकू से

पिछले एक महीने में रायपुर में हत्या की 4 वारदातें हुईं। इनमें जान लेने का हथियार चाकू ही था। बदमाशों को ये हथियार आसानी से मिल रहा है।

शिल्प नगरी कोंडागांव

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के ऋषिदेव सिंह जिला प्रशिक्षण सलाहकार एवं पवन साहू जिला मीडिया प्रभारी बनाए गए



**कोण्डागांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ कोण्डागाँव में राज्य मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार व संघ की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट अशोक पटेल के उपस्थिति में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोंडागांव की जिला कार्यकारिणी की बैठक 02/06 /2022 में लिए गए निर्णयनुसार जिला स्तर पर वयस्क कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु जिले के वरिष्ठ स्काउटर ऋषि देव सिंह एडवांस



स्काउट मास्टर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहिकोंगा को जिला प्रशिक्षण सलाहकार नियुक्त किया गया है द्य तथा जिला स्तर पर होने वाले समस्त स्काउटिंग - गाइडिंग गतिविधियों के प्रचार - प्रसार करने हेतु कब मास्टर पवन कुमार साहू बेसिक



कब मास्टर शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेन्दरी को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है 7 साथ ही स्काउटिंग गाइडिंग का विकासखण्ड स्तर पर सुचारू रूप से संचालन व क्रियान्वयन हेतु स्काउटर देवव्रत मरकाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उड़िदगांव माकड़ी, रोवर लीडर कोमल राम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारसिवनी फरसगांव, स्काउट मास्टर खोगेंद्र प्रकाश नाग शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेबेन्दरी कोण्डागाँव, रोवर लीडर राजकुमार टेकाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अडेंगा केशकाल, रोवर लीडर मनीराम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसकोट बड़ेराजपुर को स्थानीय संघ विकासखंड सचिव नियुक्त किया गया है।

# संयुक्त संचालक ने कलेक्टर सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ लिया शिक्षा सत्र 2022- 23 का प्रथम बैठक

## शिक्षा व्यवस्था में कसावट आवश्यक (रामसागर चौहान संयुक्त संचालक)





**कोंडागांव ।** संयुक्त संचालक रामसागर चौहान शिक्षा संभाग बस्तर जगदलपुर द्वारा दिनांक 08/07/2022 को कलेक्ट्रेट सभागार में कोंडागांव जिले के समस्त बी ई ओ, प्राचार्य, ए बी ई ओ ,बी आर सी, सी ए सी, का विभागीय समीक्षा बैठक प्रात: 11॰00 बजे से संध्या 6॰00 तक आयोजित कर उक्त बैठक में विभागीय योजनाओं के विस्तृत समीक्षा किया गया। तथा शिक्षा सत्र 2022- 23 की प्रथम जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर संयुक्त संचालक ने शालाओं में शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने के लिए 16/06/ 2022 से 30/06 /2022 तक शाला निरीक्षण प्रतिवेदन पर चर्चा, शाला प्रवेश उत्सव की जानकारी ,जिसके तहत कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में 6 वर्ष से 14 वर्ष आयु के बच्चों की जानकारी, शाला त्यागी बच्चों की जानकारी ,निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, निशुल्क गणवेश वितरण, कक्षा नवमी की नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल वितरण, मध्यान भोजन संचालन, छात्रवृत्ति वितरण, महतारी दुलार योजना, आर टी आई के तहत शाला में प्रवेश ,बालवाड़ी केंद्रों के संचालन, आदर्श टायलेट ,माटी पूजन महा अभियान के अंतर्गत शाला परिसर में साग-भाजी उत्पादन, भवन विहीन शाला, जर्जर भवन, अति जर्जर भवन तथा मुस्कान पुस्तकालय के बारे में विस्तृत जानकारी लिया गया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, डीएमसी महेंद्र नाथ पांडे ,सहायक परियोजना समन्वयक रूप सिंह सलाम, जिला साक्षरता प्रभारी वेणुगोपाल राव, सहायक परियोजना समन्वयक सुकटा राम मरापी एवं ईमेल बघेल तथा सहायक संचालक तारम सर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डेंगू रोग नियंत्रण हेतु किया जा रहा सभी वार्डों में फ़ॉगिंग मशीन से दवाई का छिड़काव





**जगदलपुर।** वैक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए जगदलपुर शहर के सभी वार्डों में कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देशानुसर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फ़ॉगिंग मशीन से दवाई छिड़काव किया जा रहा है। आयुक्त नगर निगम श्री दिनेश नाग ने बताया कि शहर के पूरे 48 वार्डों में स्वास्थ्य और निगम के संयुक्त दल ने तीन हज़ार से अधिक घरों में वैक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए दवाई का छिड़काव किया है। सभी वार्ड के लक्षित सभी घरों में दवाई का छिड़काव पूरा होते तक सतत जारी रहेगा।

### सांई मंदिर में गुरु पुर्णिमा पर्व पर भजन संध्या का आयोजन

**दुर्ग ।** श्री सांई मंदिर सिविल लाईन,कसारीडीह में गुरु पुर्णिमा पर्व 13 जुलाई को पूरे आस्था व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री सांई बाबा का जलाभिषेक,हवन पूजन के साथ सांई भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ व सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि गुरु पुर्णिमा पर सुबह 7 बजे श्री सांई बाबा का जलाभिषेक,हवन पूजन के अलावा दोपहर 12 बजे आरती,प्रसाद वितरण,दोपहर 3.30 बजे श्री सांई महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन,संध्या 7 बजे आरती, संध्या 7.30 बजे श्री सांई भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होने गुरु पुर्णिमा पर्व पर सुबह से देर रात्रि तक आयोजित सम्पूर्ण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री को चातुर्मास कलश स्थापना के कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण



**रायपुर।** भूपेश बघेल से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में विशुद्ध वर्षायोग समिति 2022 के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने 12 जुलाई को प्रस्तावित चातुर्मास कलश स्थापना के कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए प्रातिनिधि मण्डल को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष श्री प्रदीप पाटनी, महामंत्री श्री राकेश कन्नू बाकलीवाल, उपाध्यक्ष श्री मनीष बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष श्री मनोज सेठी व प्रचार प्रसार समिति के श्री स्टार जैन उपस्थित थे।

विशुद्ध वर्षायोग 2022 समिति के प्रवक्ता श्री अरविंद जैन ने बताया कि चर्या शिरोमणि संत आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज जी का ससंघ 22 साधुओं का चातुर्मास राजधानी रायपुर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर फाफाडीह में होना है।

### पीडीएस के चांवल से भरा ट्रक बाढ़ के पानी में बहा

**बीजापुर ।** जिला मुख्यालय के वेयर हाउस से पीडीएस का चांवल भर कर संकनपल्ली के लिए ट्रक कोंगुपल्ली के पास नाले में अचानक पानी बढ़ जाने से ट्रक चांवल सहित बह गया है , इस घटना में वाहन चालक सकुशल और सुरक्षित होने बच निकला है । जिले में पिछले सप्ताह भर से अनवरत मुशलाधार बारिश हो रही है, जिसे नदी नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है । बारिश के चलते सैकडों गांवों का सम्पर्क ब्लाक व जिला मुख्यालय से कट चुका है । मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से जुलाई 2022 का पीडीएस का चांवल भर कर ट्रक रविवार की सुबह संकनपल्ली के लिए निकला हुआ था । इसी दौरान कोंगुपल्ली से संकनपल्ली जाने वाले रास्ते पर मेंटूपल्ली से होकर बहने वाले बड़ानाला में ट्रक में तकनीकी खराबी आने की वजह से वाहन वहीं खड़ी हो गई । इसी दौरान अचानक नाले का जल स्तर बढ़ने लगा और देखते ही देखते चांवल से भरी ट्रक को बहा कर ले गई । नाले का जल स्तर बढ़ता देख वाहन चालक ट्रक को छोड़ कर सुरक्षित स्थान पर पहुंच कर अपनी जान बचाया । इस मामले की सूचना जिले के अधिकारियों को दे दी गई है, जानकारी मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार और खाद्य अधिकारी घटना स्थल के लिए रवाना हो चुकें हैं ।

# प्रगतिशील सतनामी समाज इकाई लैलूंगा की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।



अम्बेडकर चौंक स्थित सतनाम सामुदायिक भवन लैलूंगा में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तहसील ईकाई लैलूंगा का नव कार्यकारिणी गठन संबंधी आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिक ईकाई लैलूंगा का सबंध राज्यस्तरीय संगठन प्रदेश कार्यकारिणी का नवगठित किया गया है। संबंधित निर्देशन आधारित तहसील ईकाई लैलूंगा का भी गठन किया गया। हमारे पूर्व अध्यक्ष एवं उनके समस्त कार्यकारिणी के निर्देश पर समाज में अच्छा उन्नति उचित गाईड लाईन पर समाज में विकास कार्य हुआ। जो प्रशंसनीय एवं सराहनीय था। अपनी कार्यकाल पूर्ण कर आज तारीख पर नव कार्यकारिणी गठन को हार्दिक स्वीकृति प्रदान कर समाज के शीर्ष नेतृत्व पर आधारित प्रक्रिया स्वीकार्य समाज के संरक्षक एवं उपस्थित समाज के समस्त प्रबुद्ध साथियों को नव पदाधिकारियों गठन हेतु स्वीकृति प्रदाय कि गई।

जिसमें सर्व प्रथम अध्यक्ष पद हेतु आयुष्मान सहस राम आर्या, उपाध्यक्ष.एल के जांगड़े, देव कुर्रे, जेआर चेलकर, सचिव एम सी भारद्वाज,कोषाध्यक्ष,विनोद महेश,मीडिया प्रभारी,श्रवण टण्डन, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ,उत्तरा महेश, प्रवक्ता रवि किरण घोघरे,संरक्षक एम सी सुर्यवंशी, लक्की कोसरिया उपस्थित कार्यकारिणी सदस्य आरएस नारंग आरएन मिरी,बाबूलाल बंजारे,पी एन बंजारे ,पी आर भारद्धाज,यू एस टण्डन सुरेन्द्र कुर्रे, विनोद जानी, ओमकार डेहेरिया, उमाशंकर बंजारे,लक्ष्मी प्रसाद बघेल, गोपाल कोशले, रुखनाथ बंजारे,महेश लहरे,संतोष खुटे,विक्की महेश एवं समाज के समस्त सम्माननीय साथीगण के रूप में नव पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया है। जो आज दिनांक से पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। आगे समाज को संगठित एवं विकास की शिखर पर पहुंचाने की बात कही गई।

## एक नजर

### शराब पिलाने के विवाद पर साले ने जीजा को उतारा मौत के घाट

**गरियाबंद** । जिला के पुलिस कप्तान द्वारा हाल ही में सभी थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग आयोजित कर थानों में लंबित मर्ग, अपराध एवं शिकायतों के त्वरित निकाल हेतु निर्देशित किया गया था।

जिसके परिपालन में थाना छूरा द्वारा आठ माह पूर्व हुए ग्राम पेण्ड्रा में मृतक रूपराम यादव की मृत्यु के अनसुलझे मामले को सुलझाने की चुनौती लेकर मामले में सफलता हासिल करते हुए हत्या का खुलासा किया है।ज्ञात हो कि थाना छुरा में 7 नवंबर 2021 को मृतक रूपराम यादव पिता मानसिंह यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम देवपरसुली थाना पीपरछेडी के अपने ससुराल ग्राम पेण्ड्रा से गुमशुदा होने की रिपोर्ट थाना छुरा में की गई थी। कुछ दिन बाद ही दिनांक 14 नवम्बर 2021 को मृतक की लाश सड़ी गली अवस्था मेंगांव के ही कोलिहामुड़ा तालाब के पास महुआ पेड़ के नीचे मिलने से थाना छुरा द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। जांच दौरान मृतक रूपराम यादव के साला चन्द्रकुमार यादव,रैनसिंह यादव व तनसुख यादव को थाना बुलाकर पूछताछ करने पर मृतक के साला चन्द्रकुमार यादव एवं गांव के वेदराम ध्रुव,कमलेश व सुमेश ध्रुव द्वारा दिनांक 7 नवम्बर 2021 को अपने जीजा की अपने साथियों के साथ हत्या करना बताने पर मामले में हत्या का अपराध घटित होना पाये जाने से छुरा पुलिस द्वारा तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पता तलाश में जुट गई।

### बच्चों को बचाने नदी में बहे युवक का शव मिला

**कांकेर** । डूब रहे बच्चों को बचाने के प्रयास में तेज बहाव में बहे युवक की रविवार को लाश बरामद की गई है। घटना कांकेर के चारामा क्षेत्र के ग्राम गिरहोला की है, जहां नैनी नदी में बहे युवक का शव पर झाड़ियों में फंसा मिला। बता दें कि शनिवार को दोपहर 3 बजे मृत युवक राजू सोनकार नैनी नदी में फंसे दो बच्चों को बचाने के लिए कूदा था। मृतक ने बच्चे को तो बचा लिया था किंतु खुद नदी के तेज बहाव में बह गया था। जिसके बाद से लगातार युवक की तलाश की जा रही थी। रविवार सुबह पुलिस और गोताखोरों की टीम को घटना स्थल से 300 मीटर की दूरी पर नदी में युवक की लाश झाड़ियों में फंसी हुई मिली। टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद युवक का शवा बाहर निकाला तथा पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**जांजगीर चांपा** । पामगढ़ थानाक्षेत्र के दुपट्टा मोड़ के पास सड़क हादसें में एक शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शिक्षक गोधना के निवासी थे और पामगढ़ में किराए के मकान में रहते थे। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात ग्राम गोधना निवासी शिक्षक रूपचंद साहू (52 वर्ष) अपनी भांजी से मिलने के लिए चंडीपारा गये थे। जहां से रात को लौट रहे थे इसी दौरान दुपट्टा मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनको टक्कर मार दी।

**मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर स्थल का आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण**

# जांच व इलाज संबधी सभी सेवाएं बेहतर स्वरूप में हो व दवाओं की लगातार उपलब्धता ऐसे ही बनाए रखें :आयुक्त



**दुर्ग** । नगर पालिक निगम आज निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने पोलसाय पारा व लुचकी पारा पहुंचे ! उन्होंने चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक की तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है की जानकारी ली । उन्होंने निर्देश दिए कि लैब परीक्षण के उपरांत जितनी शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध करा सकें करावे ताकि रिपोर्ट के आधार पर बीमारी के कारणों का पता चल सके और शीघ्र उपचार हो सके व समय पर दवाइयां भी दी जा सके! इससे मरीजों की शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना बढ़ेगी! उन्होंने टोकन सिस्टम और बैठक व्यवस्था समुचित तरीके से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि चिकित्सीय स्टॉफ अपने निर्धारित समय पर शिविर में मौजूद होवे! आगे उन्होंने निर्देशित किया कि जितने लोगों को टोकन दिया जा रहा है उन सभी का इलाज सुनिश्चित हो ! टोकन प्राप्त कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए!

# ATR में युवक पर बाघों ने किया हमला

## कमर के नीचे और हाथ पर मारा पंजा, पेड़ पर चढ़कर बचाई जान



**पेंड्रा/मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली में दो बाघों ने युवक पर हमला कर दिया। युवक के कमर के नीचे और हाथ पर बाघ ने पंजे से वार किया। इसके चलते युवक का मांस निकल गया। किसी तरह पेड़ पर चढ़कर युवक ने अपनी जान बचाई। बाघों के जाने के बाद युवक खून से लथपथ गांव लौटा। इसके बाद उसे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक अचानक मार टाइगर रिजर्व (ATR) में मशरूम बीनने के लिए गया था।

जानकारी के मुताबिक, मुंगेली के चिरहट्टा गांव में रहने वाला वनवासी जेठू बैगा शनिवार को ATR के जंगल में मशरूम (पुट्टू) बीनने के लिए गया था। इसी दौरान दो बाघों ने अचानक से उस पर हमला कर दिया। उनसे बचने के लिए जेठू भागा, पर बाघ ने उसके ऊपर पंजे से वार कर दिया। इसके चलते उसके कमर के नीचे का मांस निकल गया। किसी तरह जेठू पेड़ पर चढ़ गया। इस दौरान काफी देर तक बाघ नीचे खड़े रहे।

जेठू ने बताया कि बाघों के जाने के बाद वह किसी तरह गांव पहुंचा। इसके बाद ग्रामीण और वन विभाग के लोगों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का अस्पताल पास होने के चलते उसे यहां भर्ती कराया गया। फिलहाल जेठू खतरे से बाहर बताई जा रही है।



# गरियाबंद पुलिस द्वारा 52 गुम मोबाइल को वापस कर लोगों को दिये तोहफा

### सायबर सेल एवं स्पेश टीम की मदद से 52 गुम मोबाइल लोगों को वापस किया गया।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम मोबाइल मिलने पर लोगों की दि बधाई।

**गरियाबंद** । गरियाबंद पुलिस अधीक्षक जे आर. ठाकुर के द्वारा 52 गुम मोबाइल को वापस कर लोगों को दिये तोहफा। जिले में लगातार मोबाइल गुमने की सूचना प्राप्त होने पर सायबर सेल गरियाबंद एवं स्पेश टीम को निर्देश कर गुम मोबाइल की लोकेशन लेकर गुमे हुये मोबाइल का सही लोकेश ट्रेश कर 52 गुम मोबाइल को प्राप्त कर किया गया। जो सायबर सेल एवं स्पेशल टीम की मद्द से 52 गुम मोबाइल लोगों को वापस किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को बधाई दी उन्होंने कहा की मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर बहुत तकलिफ होती है। इस लिए अपने मोबाइल को सही रूप से सहेज कर सुरक्षित रखे। गरियाबंद सायबर सेल की मद्द से इस प्रकारी की कार्यवाही जिले में चालू रहेगा। किसी भी व्यक्ति की मोबाइल गुम एवं चोरी होने की सूचना स्थानी पुलिस को जरूर दे। गरियाबंद पुलिस द्वारा मोबाइल को ढूंढने की हर संभव कोशिश की जायेगी।

इस कार्य में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सतीश यादव, आरक्षक तरुण यादव एवं स्पेशल टीम से प्रधान आरक्षक अंगद राव, प्रधान आरक्षक चूड़ामणि देवता, प्रधान आरक्षक जय प्रकाश मिश्रा, आरक्षक सुशील पाठक, आरक्षक रवि सिन्हा, आरक्षक यादराम ध्रुव, आरक्षक हरीश साहू का कार्य सराहनीय रहा

# नाली निर्माण कार्य के लिए 58 लाख 32 हजार रुपए की स्वीकृति



**कवर्धा** । पंडरिया नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 और 14 में वार्ड वासियो के आवागमन के लिए होने वाले समस्याओं का निदान के लिए ठोस पहल शुरू कर दी गई है। वर्तमान में बरसात के दिनों के होने वाले कीचड़ की समस्या को दूर करते हुए नगर पंचायत द्वारा बजरी और मुरुम बिछाई गई है। इन दोनों वार्डो में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 58 लाख 32 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान भी गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इस दिशा में सीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पंडरिया लाल चंद्राकर ने बताया कि बारिश के दौरान पंडरिया में वार्ड क्रमांक 13 और 14 में सुगम आवागम के लिए तत्कालिक व्यवस्था अंतर्गत मुरूम एवं बजरी की बिछाई का कार्य कराया जा रहा है। इससे आवागमन में सुविधा होगी और वार्डवासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में नया बाजार से लक्ष्मण साहू के घर तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 58 लाख 32 हजार रुपए की स्वीकृति अधोसंरचना मद अंतर्गत प्रदान हुई है। प्राप्त स्वीकृति अनुसार शासन से अनुमोदन लिया जाना है। अनुमोदन पश्चात नियमानुसार निविदा की कार्यवाही की जाएगी।

# कृषक सूचना केन्द्र के माध्यम से किसानों को योजनाओं की जानकारी प्रदान कर किया जा रहा लाभान्वित



*ग्राम महली क्षेत्र में किसान को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, खाद वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और शासन की महत्वाकांक्षी योजना का मिल रहा लाभ*



**कवर्धा।** शासन द्वारा गांव में किसानों को लाभान्वित करने अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इस योजनाओं को ग्रामवासियों तक पहुंचने के लिए गावों में सूचना केंद्र स्थापित किए गए है। जिसके माध्यम से किसानों को सभी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही वहां के किसान योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम महली में कृषक सूचना केन्द्र स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम महली क्षेत्र में सूचनाओं का प्रचारदृप्रसार कर किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 1312 किसानों का पंजीयन कर योजना का लाभ दिलवाया गया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान के बदले अन्य फसल की प्रगति 81.208 हेक्टेयर है। किसान क्रेडिट कार्ड में लघु एवं दीर्घ 855 कृषकों को लाभांवित कराया गया है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत कृषकों को अरहर बीज मिनीकीट वितरण किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा वर्ष 2021-22 खरीफ में 801 एवं रबी में 68 कृषकों का बीमा किया गया है। सेवा सहकारी समिति महली में 120 क्विंटल धान बीज का भण्डारण किया गया था, जिसका कृषकों को शत-प्रतिशत वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार 404.5 मी.टन खाद का भण्डारण किया गया था, जिसमें 379.3 मी.टन खाद का वितरण कराया जा चुका है। कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा निरंतर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री एम डी डडसेना ने बताया कि ग्राम महली भवन दो माह पूर्व ही विभाग को हस्तांतरण हुआ है। महली क्षेत्र की ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती श्रद्धा शर्मा मातृत्व अवकाश पर होने के कारण ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुख्यालय बघर्रा श्री एस.के. बंजारे को महली क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। श्री एस.के. बंजारे अपने मुख्यालय बघर्रा में रहते हुए निरंतर अतिरिक्त क्षेत्र महली का भ्रमण कर किसानों को विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लाभ दिलाते रहते हैं। वर्तमान में महली भवन में निवासरत असिस्टेंट टेक्नालॉजी मैनेजर विकासखण्ड कार्यालय के साथ-साथ संपूर्ण विकासखण्ड पंडरिया के मैदानी स्तर के विभागीय कार्यो का निष्पादन करते हैं।

# पिकअप पलटी, 12 लोग घायल, 2 गंभीर

## दशगात्र में शामिल होने जा रहे थे, बाइक को ओवरटेक करने के चलते हादसा

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में हुए सड़क हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। ये सभी पिकअप में सवार होकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।



उसी दौरान पिकअप के अनियंत्रित होने के चलते ये हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि पिकअप ड्राइवर बाइक को ओवरटेक करना चाह रहा था। जिसके चलते पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा उरगा थाना क्षेत्र में हुआ है।

मसान गांव के ही 25 लोग एक पिकअप में सवार होकर रविवार सुबह के वक्त जांजगीर जा रहे थे। सभी जांजगीर के रेड़ा गांव दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने निकले थे। पिकअप अभी मड़वारानी से आगे भेलवगुड़ी के पास पहुंची थी। उसी वक्त एक बाइक सवार भी तेज गती मे निकल रहा था। ड्राइवर उसे ही ओवरटेक करना चाह रहा था। मगर रास्ता खराब होने के कारण पिकअप तेज से एक गड्?ढे में जा घुसी। फिर अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। गाड़ी में महिलाएं भी सवार थीं। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद घायलों को अस्पताल भेजा गया है। 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों में भी महिलाएं शामिल हैं। फिलहाल 2 की हालत गंभीर बताई है। सभी का इलाज जारी है। पुलिस भी खबर लगने पर मौके पर पहुंची थी।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )/सक्षम अधिकारी**
**पत्थलगावं, जिला जशपुर ( छ.ग. )**
**उदघोषणा**

क्रमांक 735/वाचक/व्यपवर्तन/2022 पत्थलगांव दिनांक 05/07/2022

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पालीडीह, प.ह.नं. 09 तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदगण जोसेफ कुजूर आ. स्व. मरकुश कुजूर, श्रीमती फ्रांसिस्का पति जोसेफ कुजूर जाति उरांव, निवासी ग्राम पाकरगांव, तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पालीडीह प.ह.नं. 09 स्थित आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 की प्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

**आवेदित भूमि का सारिणी**

| क्र. | ग्राम | प.ह.नं. | आवेदित भूमि | | | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ख.नं. | रकबा | वर्ग मी. | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पालीडीह | 09 | 89/2 | 0.040 हे. | -वर्ग मी. | आवासीय प्रयोजन |

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 10/08/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रत: 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/ स्थान को मेरे समस्र न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 5/7/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )/**
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगावं जिला जशपुर

# वन विभाग बिना अनुमति पुरातत्व स्थल पर कर रहा छेड़छाड़

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के लिए ऐतिहासिक धरोहर के साथ वन विभाग छेड़छाड़ कर रहा है। बात कर रहे हैं ग्राम ओंगना के पहाड़ पर स्थित लिखामाड़ा की। जहां कई सौ शताब्दी पहले का कलाकृति शैलचित्र बना हुआ है।







जिसका देखभाल वर्तमान में पुरातत्व विभाग कर रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा चिन्हाकित जगहों पर किसी तरह का छेड़छाड़ या निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। लेकिन धरमजयगढ़ वन विभाग इस ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व के जगह पर छेड़छाड़ कर रहा है। बता दें कि इस लिखामाड़ा का अवलोकन करने देश ही नहीं अपितु फ्रांस अमेरिका के पुरातत्व विभाग की टीम आ चुकी है। धरमजयगढ़ वन विभाग के अधिकारी इस पुरातात्विक स्थल पर पत्थरो को काटकर इस जगह के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। पुरातत्व विभाग के अनुमति के बिना कोई भी कार्य वहां नहीं किया जा सकता है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी तो अपने मर्जी के मालिक हैं।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

वहीं सामने लाखों रुपये खर्च कर घास फूस का झोपड़ी एवं बांस से गेट बनाया गया है। जंगल भीतर इस तरह के निर्माण कराने का क्या औचित्य है समझ से परे है। क्योंकि वह हाथी प्रभावित क्षेत्र है। वहीं लाखों रुपये खर्च कर घास फूस से बनाया गया झोपड़ी बारिश में बच पाएगा। बताया जाता है कि लिखामाड़ा में कई शताब्दी पहले आदिमानव रहे होंगे। जिनके द्वारा जंगल से तैयार किए गए रंग से कलाकृति बनाई गई है। आज भी वह चित्र पत्थरों पर जस की तस बनी हुई है। देखने से लगता है कि अभी कुछ दिनों पहले ही इस चित्र को बनाया गया होगा। क्योंकि जिस रंग से चित्र को बनाया गया है वह अभी भी चमक रहा है। वहीं कुछ चित्र पत्थर को खोदकर बनाया गया है। चित्र में बात करती दो महिलाओं, लड़ाई कर रहे दो पुरुष, बैल, भैंस, त्रिशूल एक साथ खड़े कई लोग, नृत्य करती महिलाएं, फूल सहित अनेक प्रकार के चित्रों को दर्शाया गया है। धरमजयगढ़ से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम ओंगना के किनारे पहाड़ पर यह लिखामाड़ा स्थित है।

एक नजर

## बिजली की समस्या से जूझ रहे रनबोड़ के किसान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ग्राम रनबोड़ की रबी फसल के कटाई होने के बाद से अब तक खेतों के ट्यूबवेल लाइन में सुधार नहीं हुआ रनबोड़ के किसानों ने बताया कि कई बार बिजली उप केंद्र प्रतापपुर में शिकायत किया लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है वहीं नवागढ़ से बेमेतरा में भी शिकायत की गई है फिर भी कोई सुधार की स्थिति नहीं दिख रही है किसानों ने बताया कि खेतों में काफी खरपतवार हो गए हैं पानी नहीं मिलने के कारण धान के फसलों में खरपतवार चढ़ बैठ गए हैं जिससे खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव रुका हुआ है अगर स्थिति ऐसी रहीं तो किसानों के नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा

## बिजली की समस्या से जूझ रहे रनबोड़ के किसान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ग्राम रनबोड़ की रबी फसल के कटाई होने के बाद से अब तक खेतों के ट्यूबवेल लाइन में सुधार नहीं हुआ रनबोड़ के किसानों ने बताया कि कई बार बिजली उप केंद्र प्रतापपुर में शिकायत किया लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है वहीं नवागढ़ से बेमेतरा में भी शिकायत की गई है फिर भी कोई सुधार की स्थिति नहीं दिख रही है किसानों ने बताया कि खेतों में काफी खरपतवार हो गए हैं पानी नहीं मिलने के कारण धान के फसलों में खरपतवार चढ़ बैठ गए हैं जिससे खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव रुका हुआ है अगर स्थिति ऐसी रहीं तो किसानों के नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा।

## बेटी के जन्मदिन पर सपरिवार किया रक्तदान

**गरियाबंद** । ग्राम मालगांव के समाजसेवी रक्तदाता भीम निषाद ने अपनी बेटी समृद्धि के जन्मदिन के अवसर पर एक अनुकरणीय पहल की है। 10 जुलाई को समृद्धि के जन्मदिन पर भीम ने सपरिवार जिला अस्पताल में रक्तदान किया। उनकी इस पहल की स्वास्थ्य विभाग और ग्रामवासियों ने सराहना की हैं। इस अवसर उनके परिवार के 10 लोगो ने एक साथ रक्तदान किया।दरअसल,बीते 10 वर्षों से जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान का पुनीत कार्य करते आ रहे समाज सेवी भीम निषाद अपने टीम के साथ हमेशा रक्तदान के लिए तत्पर रहते है। हर विशेष मौके या किसी मरीज को रक्त की जरूरत होने पर वे टीम के साथ रक्तदान करने पहुंचते है। अपने जन्मदिन पर भी उन्होनें मालगांव में रक्तदान महोत्सव आयोजन कर 82 ग्रामीण युवाओं से रक्तदान करवाया था। इस बार अपनी बेटी समृद्धि के जन्मदिन पर समाज में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम तथा समाज में बेटियों संरक्षण मिले इस उद्देश्य को लेकर सपरिवार जिला अस्पताल पहुंच रक्तदान किया।

**आवश्यकता है**

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

**दैनिक जोहार छत्तीसगढ़**

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

## अभाविप ने सांस्कृतिक भवन में किया विद्यार्थियों का सम्मान

गरियाबंद । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गरियाबंद इकाई ने अभाविप का 74 वी स्थापना दिवस मनाए एवं विद्यार्थी दिवस सांस्कृतिक भवन में मनाए।

इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया,जिसमें मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश मानिकपुरी अधिवक्ता मुख्य वक्ता श्याम ध्रुव विशेष अतिथि दीपक सिन्हा थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा हर एक विद्यार्थी में कोई ना कोई प्रतिभा छुपी होती हैं जिसे जीवन में आगे बढने की एक राह मिलती है इस तरह विद्यार्थियों का उत्साह और मार्गदर्शन किया। वही मुख्य वक्ता ने कहा हमें गर्व होता है इस क्षण का जो आज 74 वर्ष पूर्ण हो गया है अभाविप का एक स्वर्णिम, अद्भुत पल है आज हमारा भारतवर्ष आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव बना रहे हैं।विद्यार्थी परिषद वह संगठन हैं जिसमें एक विशेषता है ज्ञान शील एकता यही परिषद की विशेषता है इस तरह सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।विशेष अतिथि ने कहा विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप स्थापना दिवस तथा विद्यार्थी दिवस आज पूरा देश मना रहा है।आभविप स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुआ इसका उद्देश्य राष्ट्र का पुनर्निर्माण है जिसमें नेता नहीं नेतृत्व,पद नहीं दायित्व है राजनीति नहीं राष्ट्र नीति यही भाव को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहा आभविप एक ऐसा छात्र संगठन है जो केवल छात्र हित के लिए नहीं अपितु समाज हित में राष्ट्रहित में कार्य करता है। सभी में समभाव,धैर्य निष्ठा,आत्मभाव लेकर चलती हैं इस तरह सभी विद्यार्थियों मार्गदर्शन किया।

## मां बेटी ने थाने में कराई शिकायत दर्ज,जेठ शिक्षक के खिलाफ गाली गलौज एवं मारपीट का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।




एक महिला ने अपने ही जेठ के ऊपर गाली गलौज करने एवं बेटी के साथ धक्का मुक्की करने का शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में रोमा राय ने शिकायत में कहा है कि उसकी विवाह कार्तिकाराय के पुत्र शिवाजी राय से दिनांक 27 अप्रैल 2001 को संपन्न हुआ था। विवाह पश्चात् रोमाराय अपने ससुराल में जीवन यापन करने लगी। जिसका शिवाजी राय के संसर्ग से एक पुत्री एवं एक पुत्र उत्पन्न हुआ। पति शिवाजी राय के द्वारा मारपीट व प्रताड़ित करने के कारण रोमाराय अपने बच्चों के साथ अपने मायके पंजरी प्लाट रायगढ़ जाकर असहायपूर्वक जीवन यापन कर रही है । वर्ष 2008 से रोमाराय का पति शिवाजी राय कहीं चला गया है । जीवित अथवा मृत है उसकी जानकारी आज दिनांक तक नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण से रोमाराय अपने पति की सिविल मृत्यु की डिकी प्राप्त करने हेतु व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ में दावा प्रस्तुत की है। उक्त दावा में आवेदिका के ससुर जेठ देवर के द्वारा न्यायालय के समक्ष लिखित में जवाब देते हुये बताया गया है कि शिवाजी राय बीच बीच में धरमजयगढ़ आता है वह जीवित है उसकी मृत्यु नहीं हुई है। जिस कारण से जानकारी होने पर अपने पति के तलाश खोजबीन करने के लिये अपने बच्चों के साथ 7 जुलाई 2022 को अपने ससुराल धरमजयगढ़ जाने के पूर्व धरमजयगढ़ थाना में मौखिक सूचना दी की वह अपने ससुराल जा रही है उसके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो उसके जिम्मेदार उसके ससुराल वाले होंगे ।

ससुराल पहुंचने पर जानकारी हुई कि रोमाराय के जेठ रूपलाल के पुत्र का विवाह संपन्न हुआ है जिसकी रिसेप्शन का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में शामिल हुई तभी शाम 7.30 बजे आस पास जेठ रूपलाल धमकी देने लगा कि हमारे खिलाफ में केस की हो। तो हमारे घर आना जाना क्यों कर रही हो जिसके प्रति उत्तर में रोमाराय बोली कि मेरा पति का घर है मैं आना - जाना करूंगी । उक्त बाते को सुनते ही रूपलाल राय व उसके संबंधी अशोक राय के द्वारा आवेश में आकर रोमाराय व उसके नाबालीग बच्ची के साथ गंदी - गंदी गाली गलौच देकर पुत्री प्रीति राय को बेईज्जत करने की नीयत से सीना को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया गया।जिसपर रोमाराय शर्म के मारे अपने बच्चों को लेकर वहां से जाने लगी तब रूपलाल व उसके संबंधी ने उन्हे बंधक बनाकर 112 फोन कर बुलाकर रोमाराय, पुत्री व पुत्र को थाने ले जाकर उन्हीं के विरूद्ध थाने में शिकायत किया गया है । उक्त घटना से रोमाराय एवं उसकी पुत्री मानसिक रूप से आहत है। शिकायत पर रूपलाल राय व उसके संबंधी अशोक राय के विरूद्ध धारा 294,506,34 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

## ग्राम पंचायत रूपडेगा के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

रायगढ़ जिले के विकास खण्ड लैलूंगा के ग्राम पंचायत रूपडेगा मेन बस्ती में इन दिनों पेय जल की संकट की स्थिती बनी हुई है। रूपडेगा गांव की बस्ती प्रवेश करते ही सबसे पहले आपको विशालकाय पानी की टंकी दिखाई देता है।



जो कि लोगों के कोई काम का नहीं है। पंचायत भवन के सामने एक खटारी हैण्ड पम्प है जिसका सोख्ता गड्ढा की राशि को ग्राम पंचायत रूपडेगा के ईमानदार जनप्रतिनिधियों ने डकार लिये हैं। जैसे ही मीडिया की पूरी टीम रूपडेगा बस्ती की ओर पहुंची तो ग्रामीण एकाएक पानी की समस्या को लेकर अपनी आप बीती बताने शुरू हो गये। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि उनके बस्ती में पानी की बहुत समस्या है। और पानी भरने के लिए पंचायत भवन या गांव के स्कूल के पास जाकर पानी लेकर आना पड़ता है। कंवरपारा या हरिजन मोहल्ला में एकाध हैण्ड पम्प हो जाता तो शायद इन्हें पेयजल की समस्या से निजात मिल सकती है। आपको सर्व विदित है की वर्तमान में संपूर्ण भारत देश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पानी की समस्या को दूर करने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरबों खरबों रूपये को जल जीवन मिशन योजना के तहत रूपये को पानी की तरह बहा रहे हैं। जिसके बाद भी ग्राम पंचायत रूपडेगा के ग्रामीण एक-एक बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज हैं। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि ग्रामीण कितने वर्षों से पीने की पानी के लिए कितना जद्दोजहद करनें में लगे हुए हैं। बहरहाल अब यह देखना होगा की ग्रामीणों की पानी समस्या से इन्हें कब तलक समस्या का समाधान होगा इसका तो भगवान ही मालिक है। आपको यह भी बता दें की इसी क्षेत्र में सूबे के मुखिया माननीय भूपेश बघेल का आकस्मिक दौरा कार्यक्रम संभावित तथा प्रस्तावित है। ऐसे में लोग पीने की पानी की किल्लत से जूझते रहें यह बात जल्दी से हजम होता हुआ नहीं लगता है।

## कुर्बानी का त्यौहार ईदुल अजहा बकरीद,खुशनुमा, मौसम के बीच मना ईदगाह में नमाज अदा

### मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।



मस्जिदे ताहा के पेश ईमाम हाफि ज.गुलजार साहब ने ईदुल.अजहा बकरीद की नमाज अदा कराई कोटा.मुस्लिम.जमात के लोग रहे मौजूद। कोटा.थाना.प्रभारी दिनेश चंद्रा सहित कोटा थाने के स्टाफ ईदगाह में नमाज के दौरान रहे मौजूद ईदुल अजहा की शुभकामनाओं के साथ मुस्लिम जमात कोटा ने जताया आभार। करगीरोड़ कोटा कुर्बानी का त्यौहार ईदुल अजहा बकरीद, का त्यौहार मुस्लिम जमात कोटा के मुस्लिम समुदाय ने खुशनुमा मौसम के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया जिले में देर रात बारिश होने के बाद ऐसे आशंका जताई जा रही थीण्कि रविवार की सुबह बारिश होने पर मस्जिद में ही ईदुल,अजहा की नमाज अदा कराई जाएगी। पर रविवार की सुबह आसमान नीला हो चुका था। मौसम के खुलने के बाद कोटा मुस्लिम जमात के लोगों को राहत हुई मुस्लिम समुदाय के लोगो की ईदगाह.कब्रस्तान की तरफ आवाजाही शुरू हो गई बकरीद की नमाज तयशुदा समय के हिसाब से सुबह 08.बजे ईदगाह में मस्जिदें.ताहा के पेश इमाम हाफिज गुलजार साहब ने अदा कराई नमाज के बाद आसमान की तरफ दुवाओ के लिए हाथ उठे दुवाओ का दौर चला दुवाओ में मादरे वतन हिंदुस्तान की गंगा.जमुना.तहजीब आपसी भाईचारा.मुल्क में अमन.चैन के लिए दुवाए मांगी गई। दुवाओ पर मुस्लिम.समुदाय के लोगों ने लब्बैक.आमीन कहकर समर्थन कियाण्णनमाज के बाद दुवाओ के बीच हल्की.बूंदाबांदी शुरू हो गईण्णबावजूद मुस्लिम जमात के लोग आपस में गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद पेश करते रहे। ईदुल.अजहा बकरीद त्यौहार के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के पुलिस.विभाग के आला.अधिकारियों के निर्देश के बाद कोटा.पुलिस भी सुबह से ही ईदगाह.कब्रस्तान में मुस्तैद रही नमाज के पहले से लेकर नमाज के बाद तक कोटा.पुलिस की उपस्थिति रही नमाज के कुछ देर बाद कोटा थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा भी मुस्लिम समुदाय के बीच अपने स्टॉफ के साथ ईदुल अजहा त्यौहार की शुभकामनाएं दी,कोटा.मुस्लिम जमात के लोगो ने भी कोटा.थाना प्रभारी सहित समस्त.स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उपस्थिति के लिए आभार जताया। ईदगाह.कब्रस्तान के चारों ओर पेड़-पौधे देखकर थाना प्रभारी कोटा ने खुशी जाहिर की बाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ तस्वीरें भी खिंचाई। एक बार पुनः से मुस्लिम समुदाय कोटा ने थाना-प्रभारी का आभार प्रकट किया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in